# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

E paper
www.cgfrontline.com

वर्ष -03 अंक - 168 बैकुण्ठपुर, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1


# प्रकृति के साथ जीने व नाचने-गाने का नाम है सरहुल-बघेल

## कोरिया बाड़ी का नाम आस्था आंगन, ऑक्सीजन पार्क वृक्षमित्र ओपी अग्रवाल के नाम करने, आकाशवाणी चौक इंजीनियर कार्तिक उरांव के नाम करने व अजिरमा में 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन की घोषणा

### मुख्यमंत्री खद्दी परब में हुए शामिल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान में मूली पड़हा उरांव समाज के तत्वाधान में आयोजित खद्दी परब (सरहुल पूजा) में शामिल हुए। उन्होंने समाज प्रमुखों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज से खद्दी पूजा कर प्रदेश की जनता के लिए खुशहाली व समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत अजिरमा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये देने, सरना स्थल कोरिया बाड़ी का नाम आस्था आंगन करने, आस्था आंगन में शेड निर्माण, ऑक्सीजन पार्क का नाम वृक्षमित्र ओपी अग्रवाल के नाम पर तथा आकाशवाणी चौक का नाम इंजीनियर कार्तिक उरांव के नाम पर करने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा आदिवासी संस्कृति सबसे प्राचीन संस्कृति है, कई गौरवशाली परंपराएं तीज त्यौहार हैं, जिससे पूरी दुनिया प्रेरणा ले सकती है। आदिवासियों के जितने भी त्यौहार हैं वे सब प्रकृति से जुड़े हुए हैं। जीवन में कितने भी उतार-चढ़ाव क्यों न आए हों, जैसे ही त्यौहार आता है सभी खुशी से झूमने लगते हैं। उन्होंने कहा प्रकृति कि साथ जो जीता है, नाचता और गाता है उसी का नाम सरहुल है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। जल जंगल व जमीन को बचाने के लिए एक तरफ फारेस्ट राइट एक्ट के तहत वन अधिकार पट्टा, सामुदायिक पट्टा एवं वन संसाधन पट्टा दिया जा रहा है, वहीं बिगड़े वनों को सुधारने का काम किया जा रहा है। शहरों में हरियाली बढ़ाने व प्राचीन वृक्षों को बचाने के लिए कृष्ण-कुंज का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही नरवा विकास के द्वारा वन क्षेत्रों में भूमिगत व सतही जल उपलब्ध हो सके, इसके लिए हाल में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना की भी शुरूआत की गई है, ताकि निजी भूमि में भी कोई पेड़ लगाना चाहे तो उसे प्रोत्साहित किया जा सके। इस योजना के तहत हमारा लक्ष्य 36 हजार एकड़ में पेड़ लगाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। चार साल में कृषि का रकबा व किसानों की संख्या एवं उत्पादन में गुणात्मक सुधार हुआ है। हमने इस वर्ष फैसला किया है कि समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 20 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी जाएगी। राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना पूरे में छत्तीसगढ़ में लागू है, इसे बढ़ाते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में भी लागू कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, कोटवार, रसोइया के मानदेय में वृद्धि की गई है। शासकीय योजनाओं से लोग वंचित न रहें इसके लिए एक अप्रैल से सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगारों को आर्थिक सहायता



प्रदान करने के लिए 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की शुरूआत हो गई है, इन्हें पहले भाजपा की सरकार 300 रुपये देती थी। पात्रता में आय की सीमा हमने ढाई लाख कर दी है। घर बैठे आवेदन की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा लोग गोठान व गोबर का मजाक उड़ाते थे, वही गोठान व गोबर लोगों की आजीविका का अच्छा साधन बन गया है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि उरांव समाज का सरहुल पर्व जंगल, पहाड़ में रहने वाले हमारे आदिवासी समाज के लोग पेड़ पौधे को अपना आराध्य मानते हैं, उनकी पूजा करते हैं। उरांव जनजाति में सरई पेड़ के नीचे पूजा करने की प्रथा है। पहाड़ जंगल में रहने वाली जनजाति जो प्रकृति के गोद में अपना जीवन-यापन करते हैं और उसी को अपना आराध्य मानते हैं। हमारा जनजाति समुदाय पर्यावरण का संरक्षक है। आदिवासी समाज नौ अगस्त को पूरे दुनिया में इस दिन को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाता है। इस त्यौहार को मनाने के लिए मुख्यमंत्री ने छुट्टी घोषित कर समाज को गौरव प्रदान किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि चैत्र महीना पूर्णिमा तिथि तक रहता है। परंपरा के अनुसार सरहुल के साथ नया वर्ष भी शुरू होता है। इस त्यौहार को मनाते हुए जगह-जगह भाई-बहन खूब नाचते-गाते हैं। लुण्ड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम ने सरहुल पर्व को अविस्मरणीय व ऐतिहासिक बताया और कहा आज पूरे समाज के लोग हर्षोल्लासित हैं, क्योंकि पहली बार ऐसा अवसर आया है कि प्रदेश के मुखिया हमारे साथ हैं। इस अवसर पर संदीय सचिव व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह , श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद, गौ-सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव, तेलघानी बोर्ड के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, मदरसा बोर्ड के सदस्य इरफान सिद्दीकी, अपेक्स बैंक के संचालक अजय बंसल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के सदस्य अरविंद गुप्ता, कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रामदेव राम, उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुद्दीन इराकी, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, महापौर डॉ.अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, कमिश्नर डॉ. संजय अलंग, आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, उरांव समाज के अध्यक्ष मंगल उरांव सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### झलकियां

**आदित्येश्वर लंबा-चौड़ा नाम, आदि बाबा बोलना आसान**

उद्बोधन के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जब मंचस्थ अतिथि, कांग्रेसजनों की सूची से नाम पढ़ना शुरू किया, तो जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव का नाम लेते समय थोड़ी कठिनाई महसूस किए। उन्होंने मंच में प्रथम पंक्ति में बैठे आदित्येश्वर की ओर देखा और चुटकी ली कि आदि बाबा बोलना आसान है, आदित्येश्वर लंबा-चौड़ा नाम है। इसके पहले मंच पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और आदित्येश्वर कुछ चर्चा में भी मशगूल नजर आए।

**हेलीपैड में स्वागत के लिए नाम पुकारते रहे, नहीं छोड़ी कुर्सी**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पूर्व हेलीपैड में उनके स्वागत के लिए बनाई गई सूची में शामिल लोगों का नाम उद्घोषक के द्वारा दो बार पुकारा गया और इनसे आग्रह किया गया कि वे हेलीपैड पर की गई बैरीकेडिंग के पास पहुंचें, लेकिन मंच में बैठे कई नेताओं ने कुर्सी ही नहीं छोड़ी। इस परिदृश्य के सामने आने के बाद कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने कहा-मुख्यमंत्री का गुणगान करते नहीं थकने वाले नेता मंच में फिर आने का अवसर मिलेगा या नहीं इस डर से कुर्सी छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे भी कांग्रेस के वरिष्ठजन थे, जो मंच से मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए गए, बाद में मंच में भीड़ के बीच न जाकर व्हीव्हीआईपी दीर्घा में बैठ गए।

**स्कूल शिक्षा मंत्री भूले, किसकी है जयंती**

अपने उद्बोधन के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सरहुल, खद्दी परब की शुभकामनाएं जनसमूह को दी। इसके बाद वे भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते अपनी वाणी पर विराम लगा दिए। उनकी नजर उद्घोषक की ओर गई। उद्घोषक को समझते देर नहीं लगी और उन्होंने तत्काल हनुमान जयंती की ओर उनका ध्यान दिलाया। इसके बाद वे हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते अपनी बातों को जनसमूह के बीच रखे।

**आदेश व जिम्मेदारी का पालन कर रहे**

प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने अपने उद्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यान अपनी ओर केंद्रित रखा। मुख्यमंत्री भी उनके उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुन रहे थे। श्री भगत ने अपनी भाषा में सरहुल पर्व और अतिथि आगमन को लेकर गायन भी किया। अपने उद्बोधन की शुरूआत उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन और खराब मौसम से की। उन्होंने कहा आदिवासी का जो दिल जीत लिया, वह दुनिया जीत लिया। मुख्यमंत्री के कार्यों का बीच-बीच में बखान करते हुए उन्होंने कहा आपने जो आदेश दिया, उसका पालन करने में हम लगे हैं, आगे और जो आदेश होगा, वह भी स्वीकार होगा।

### हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पीजी कालेज ग्राउंड के हेलीपैड पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधायक डॉ. प्रीतम राम, संसदीय सचिव व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, रणविजय सिंह तोमर, जिपं अध्यक्ष मधु सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महापौर डॉ.अजय तिर्की, अटल यादव सहित अन्य ने किया। शासन की ओर से कमिश्नर डॉ. संजय अलंग, पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी अगवानी की।

### पाठ्यपुस्तकों में प्रतिवर्ष बदलाव से अभिभावक परेशान

अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस छग के जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने उरांव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया नए शैक्षणिक सत्र 2023 के लिए लगभग सभी स्कूलों में कक्षा लगने लगी है। पुस्तकों की मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि से अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गरीब, श्रमिक वर्ग के बच्चे व अभिभावक कांग्रेस के शासनकाल में दी गई शिक्षा की सुविधा, आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने का सपना साकार तो कर रहे हैं लेकिन गरीबी रेखा वाले अभिभावकों को दो बच्चों के पुस्तकों का सेट लेना हो, तो लगभग 10 हजार रुपये व्यय करना पड़ रहा है। प्रतिवर्ष पाठ्यक्रम में मामूली सा बदलाव कर नई पुस्तक खरीदने के लिए अभिभावकों को विवश किया जाता है, जबकि सीबीएससी के निमयानुसार तीन वर्ष से पहले पाठ्य पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर पाठ्य पुस्तकों में प्रतिवर्ष किए जाने वाले बदलाव को बंद करने सहित जनहित के कार्य पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## मिलेट्स के प्रति जागरुकता लाने 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लगाई दौड़

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने किया मिलेट्स मैराथन का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में मिलेट्स मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रीतम राम विधायक लुण्ड्रा, डॉ. अजय तिर्की महापौर नगर निगम, डॉ. रमनेश मूर्ति डीन, डॉ. आरसी आर्या अस्पताल अधीक्षक, डॉ. लखन सिंह विभागाध्यक्ष मेडिसिन थे। मैराथन में 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने 3.5 किलोमीटर दौड़ लगाई। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मैडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद दौड़ में शामिल समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आयोजकों द्वारा मिलेट्स थीम पर आधारित सेल्फी प्वाइंट बनाकर मिलेट्स का प्रदर्शन किया गया एवं मिलेट्स से बनने वाले लगभग 50 से ज्यादा व्यंजनों के रेस्पी के बारे में पंपलेट बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को मिलेट्स का नाश्ता भी कराया गया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति ने मिलेट्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि



भारत के प्रधानमंत्री की योजनानुसार अब मिलेट्स को मोटा अनाज ना कहकर अन्न कहा जाएगा। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को मिलेट्स का उपयोग करने जागरूकता लाने का आह्वान किया गया, ताकि लोगों को इसमें पोषक तत्व मिल सकें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में मिलेट्स के प्रति जागरूकता लाना था। इस दौरान डॉ.अर्पण सिंह चौहान सहायक अस्पताल अधीक्षक, सुमन सिंह डाइटीशियन, प्रियंका कुरील अस्पताल सलाहकार, द्रुपति राज सहायक नर्सिंग अधीक्षिका, रश्मि मसीह सहायक नर्सिंग अधीक्षिका सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य होना गौरव का विषय-मेजर

### अबकी बार-मोदी सरकार, वॉल राइटिंग कर गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान की शुरुआत



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को भाजपा सरगुजा ने शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर ध्वजारोहण कर गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने भाजपा के ध्वज का आरोहण किया। भाजपा स्थापना दिवस पर गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान अंतर्गत अबकी बार मोदी सरकार लिख कर जिला अध्यक्ष द्वारा वॉल राइटिंग की शुरुआत की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य होना अत्यंत गौरव का विषय है। स्थापना दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के पितृपुरुषों के त्याग, परिश्रम और बलिदान के कारण ही आज संगठन एक विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। हमारा सौभाग्य है कि भाजपा का सदस्य होने के नाते हमें देश की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं जैसा समर्पण किसी दूसरे दल में नहीं हो सकता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अंबिकेश केसरी, आलोक दुबे, मधूसुदन शुक्ला, करता राम गुप्ता, हरपाल सिंह भामरा, राजकुमार बंसल, संतोष दास, रूपेश दुबे, रौशन गुप्ता, विद्यानंद मिश्रा, अरुणा सिंह, राजेंद्र जयसवाल, अभिषेक शर्मा, विश्व विजय सिंह तोमर, गोपाल सिन्हा, सर्वेश तिवारी, दीपक यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स सहित स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल ने समस्त कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और रक्तदान करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा रक्तदान की ओर बढ़ा एक कदम कई के जीवन की रक्षा करता है। रक्त की कुछ बूंदों से केवल मरीज ही बल्कि उसका पूरा परिवार, खानदान और उससे जुड़े लोग राहत पाते हैं। इससे बड़ा कोई अन्य दान नहीं हो सकता। इस मौके पर जिला अस्पताल अंबिकापुर के ब्लड-बैंक की टीम उपस्थित रही। रक्तदान के अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के साथ महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी राजीव कुमार एवं रेडक्रॉस प्रभारी संदीप कुशवाहा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक व स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सहकारी केंद्रीय बैंकों में दूसरे दिन भी लटका रहा ताला, सौ करोड़ का लेनदेन प्रभावित



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** रामानुजगंज विधायक बृहस्पति सिंह के थप्पड़ कांड मामले को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के कर्मचारियों की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रही, बैंक में ताले लटके रहे। हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, वे मायूस होकर लौटे। विधायक बृहस्पति सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारी पूरे संभाग में धरने पर बैठे हैं। विधायक के खिलाफ लामबंद कर्मचारियों की वापसी शुक्रवार को होगी जरूर, लेकिन आगे की अनिश्चितकालीन हड़ताल की रणनीति बनी, तो हितग्राहियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बैंक के कर्मचारियों का दावा है कि उनके हड़ताल में जाने से सौ करोड़ से अधिक का लेनदेन दो दिनों में प्रभावित हुआ है। वे विधायक के विरूद्ध एफआइआर दर्ज करने की मांग को लेकर अडिग हैं।

## जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, की मंदिरों में गूंज

### मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के मंदिरों में गुरुवार को हनुमान जयंती धूमधाम से विधिवत पूजा-अर्चना करके मनाई गई। हनुमान मंदिरों में देर शाम तक भजन-कीर्तन जारी रहा। अखंड हरिकीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहा।



हनुमान जयंती पर मुख्य आयोजन शहर के स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में किया गया। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। गुरुवार की सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु पूजार्चना के लिए पहुंचना शुरू कर दिए थे। महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा सामूहिक पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शहर के भाथुपारा चौक के पास स्थित हनुमान मंदिर, पुलिस लाइन व डीसी रोड में स्थित मंदिर, लमगांव हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में हनुमानजी का जन्मोत्सव धूमधाम से भक्तिभाव के बीच मनाया गया। शहर के गुरूनानक चौक सहित जगह-जगह वृहद भंडारे का आयोजन विविध संगठनों, समितियों की ओर से किया गया था। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर लोगों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था।

**चलता रहा भजन-कीर्तन**


सुबह से ही मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर आरंभ हो गया था, जो देर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ भी किया। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा भव्य तैयारी की गई गई थी। पूजा के बाद भजन-कीर्तन का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलते रहा। इस दौरान भक्तों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ किया।

**देर शाम तक लगा रहा भक्तों का तांता**

हनुमान जयंती के अवसर पर भक्त बजरंग बली के दर्शन करने विभिन्न मंदिरों में देर शाम तक पहुंचते रहे। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर के अलाव शहर के अन्य मंदिरों में भी हनुमान जी की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। पूजा सुबह 5.30 बजे से शुरू हो गई थी। वहीं भंडारा वितरण सुबह 8 बजे से शुरू हो गई थी। जो देर रात तक चलता रहा।

## जिपं उपाध्यक्ष ने हनुमान मंदिर पहुंच पूजार्चना की, प्रसाद वितरण किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पवनपुत्र हनुमान के जन्मोत्सव पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने नगर के सबसे पुराने हनुमानजी के मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर प्रांगण में वे हनुमान सेवा समिति के द्वारा आयोजित भंडारा में शामिल हुए और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करके स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। नगरवासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने हनुमान जयंती के आयोजन में शामिल होने का अवसर देने के लिए हनुमान मंदिर सेवा समिति का आभार व्यक्त किया। उनके साथ पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, जिला



कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, युकां अध्यक्ष विकल झा, सिक्कू सोनी, अजय सिंह, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, सतीश बारी, विकास केशरी, मिथुन सिंह, रोहित तिवारी सहित अन्य शामिल हुए।

# नगर पंचायत की बैठक चढ़ी हंगामे की भेंट

## अब 10 अप्रैल को किया जाएगा स्थगित बैठक




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत के परिषद की बैठक व बजट सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामेदार स्थिति निर्मित होने पर अब 10 अप्रैल को पुन: परिषद की बैठक व बजट सत्र पर चर्चा कर निर्णय लिए जाने की बात कही जा रही है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में गुरुवार को परिषद की बैठक कर बजट सत्र पर कार्रवाई हेतु पहल की गई थी, लेकिन सदस्यों द्वारा हंगामा मचाए जाने से बैठक बेनतीजा ही खत्म कर दिया गया। बैठक हेतु नगर पंचायत द्वारा अधोन्सरचना विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने, बजट अनुमोदन के संबंध में, वार्ड क्रमांक 2 में पुलिया निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 6 में माईनस क्लब के सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 9 में विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन विस्तार, विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोल विस्तार, चिल्ड्रेन पार्क के सौंदर्यीकरण, विभिन्न स्थानों पर सीसी करण, विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य स्लैब सहित, अय्यप्पा मन्दिर के समीप शेड निर्माण कार्य, दो स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण, वार्ड क्रमांक 11 में विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोल विस्तार, विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन विस्तार, चबूतरा निर्माण कार्य, दो नग बोर खनन सबमर्सिबल पंप सहित, वार्ड क्रमांक 12 में वनबी कालोनी समीप सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 13 में स्थित सामुदायिक भवन के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया जाना था लेकिन बैठक हंगामे की वजह से स्थगित कर दिया गया, अब पुन: उक्त बैठक 10 अप्रैल को किया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दुर्गा गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट सीसी सड़क व पुलिया निर्माण कार्य का मुद्दा उठाया गया, जिसमें सांसद प्रतिनिधि श्री गुप्ता द्वारा कहा गया कि जब पहले से ही सड़क की स्थिति अच्छी तो फिर दुबारा उक्त सड़क पर सीसी रोड निर्माण कार्य क्यों कराकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो वर्तमान में सीसी रोड निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं उसकी क्वालिटी अच्छी न होने से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि पुलिया निर्माण कार्य में भी अमानक स्तर का कार्य कराया जा रहा है। पार्षद जयप्रकाश यादव ने निराश्रित पेंशन का मुद्दा उठाया व निराश्रितों को पेंशन नहीं मिलने की बात कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जिसके बाद बैठक में हंगामा शुरू हो गया। पार्षद कीर्ती दुबे व अमरेश प्रसाद ने भी नगर पंचायत प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया। बैठक में नपं अध्यक्ष आशीष यादव, उपाध्यक्ष किरण पटेल, पार्षद दिप्ती स्वाई, एल्डरमैन बिना शर्मा, पार्षद गंगा रवि, एल्डरमैन दिलीप सोनी, पार्षद संजीत यादव, रविशकर बऊआ, भावना सिंह नेताम, प्रियंका सिंह, एल्डरमैन रंजू चौबे, पार्षद मालती तिग्गा, नपं सीएमओ श्रीमती युफ्रिसिया एक्का, उपयंत्री तारक मित्तल व अन्य उपस्थित थे।

### बजरंग दल द्वारा वितरित किए गए महाप्रसाद व शरबत



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग दल द्वारा नगर के बस स्टैंड में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप महाप्रसाद और शरबत का व्यवस्था किया गया था। जिसमें क्षेत्र के भक्तों ने काफी संख्या में पहुंचकर भव्य भंडारे व शरबत ग्रहण किया।

यहां पर बाल अवस्था के बजरंगी रूपी बालक के हाथों केक भी कटवाया गया। इस दौरान काफी संख्या में बजरंग दल के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बकरा चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** बकरा खस्सी के चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय चोपड़ा कालोनी के झुग्गी बस्ती निवासी प्रार्थिया 35 वर्षीय संगीता केरकेट्टा पति जीवन केरकेट्टा द्वारा बकरा बकरी का पालन कर अपना जीविकोपार्जन चलाया जाता है। प्रार्थिया द्वारा गतदिनों रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 5 अप्रैल की सुबह जब उठकर देखी तब उसके एक बकरा खस्सी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले की सूचना पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्मदर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि एक बिना नंबर की स्कूटी में दो व्यक्ति एक बकरे को बीच में रखकर रामनगर होते हुए खरसुरा




सोहागपुर बेचने जाने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने ग्राम पंचायत रामनगर के अटल चौक के पास घेराबंदी कर बकरा लोड स्कूटी के चालक को रुकवाकर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा जब बकरे के संबंध में पूछताछ की गई तब स्कूटी सवार दोनों युवकों द्वारा गोलमोल जवाब दिया गया।

पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ किया गया तब आरोपी क्रमश: गांधीनगर अंबिकापुर व मूल निवासी ग्राम इचकेला जशपुर निवासी 32 वर्षीय नन्दकिशोर यादव पिता नन्दलाल यादव व करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहागपुर निवासी 28 वर्षीय भज्जू उर्फ लल्लू वासुदेव पिता रामाधार द्वारा उक्त बकरा खस्सी को चोरी कर बेचने जाने की बात स्वीकारी गई। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश कर दिया गया है।

## पूर्व भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष सहित 2 दर्जन युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के निवास पर आज पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भटगांव सहित 2 दर्जन युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के कार्यशैली से प्रभावित होकर विधानसभा के सभी हिस्से से युवाओं की कांग्रेस पार्टी से जुड़ने की खबर आएदिन आ रही है। इसी बीच गुरुवार को भटगांव के पूर्व भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विजेश मानिकपुरी ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इसी प्रकार भटगांव विधायक निवास बतरा में मानसाय सिंह (अध्यक्ष कृषि



उपज मण्डी सूरजपुर), लालजी राजवाड़े, मोती सिंह, महाजन राजवाड़े, प्रभेश विश्वकर्मा, कन्नीलाल राजवाड़े, कैलाश विश्वकर्मा, भुपेश्वर राजवाड़े एवं महेश सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े के कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम लक्ष्मीपुर, धरतीपारा, खोपा, तेलगंवा, नवापारा, बरौल एवं बरौधी के लगभग 2 दर्जन युवाओं द्वारा संसदीय सचिव व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े के समक्ष कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया है।

### तारमिस्त्री के आवेदन 30 अप्रैल तक आमंत्रित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** विद्युत निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) रायगढ़ के द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष 2023 के माह-जुलाई में आयोजित की जावेगी। समस्त संबंधित जिला रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के आवेदनकर्ता परीक्षा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि.सु.) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक छ0ग0शासन रायगढ़ संभाग रायगढ़ दुर्गा चैक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ (छ0ग0) से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र डाक द्वारा या सीधे इस कार्यालय में 30 अप्रैल 2023 तक जमा किया जा सकता है।

## बूथ स्तर पर भाजपाईयों ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र में आज विभिन्न बूथ स्तर पर भाजपा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा स्थापना दिवस पर आज बिश्रामपुर मंडल के वार्ड नंबर 3 बुथ क्रंमाक-94 में कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा स्थापना दिवस मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन सुने गए। साथ ही हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा यहां पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर केक भी काटा गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह, श्यामा पाण्डेय, भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता, विजय शर्मा, शन्नी मिश्रा, आकाश पाण्डेय, अमरावती नेताम, उर्मिला सिंह, निर्मला शर्मा, रश्मि, मानमती, सीता गुप्ता, शांति, सुचिता, सुशीला



शर्मा, नूतन सिंह, पिंकी सिन्हा, किरण तिवारी, मुकेश राणा, शंकर यादव, ट्विंकल थापा व उपस्थित थे। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी मंडल शिवनंदनपुर के ग्राम पंचायत सिलफिली के मतदान केंद्र में भी कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री संदीप सरकार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बर्मन, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सुशील शाहा, संजय कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### नपं में राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूरों का पंजीयन शुरू

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना शहरी क्षेत्रों में भी लागू कर दिया गया है। योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन द्वारा तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई है। नपं सीएमओ श्रीमती युफ्रिसिया एक्का ने बताया कि योजना को नगरीय क्षेत्र में सफल बनाए जाने हेतु नपं के लेखापाल रंदीप दास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। योजना का लाभ लेने हेतु पात्र हितग्राहियों द्वारा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। सीएमओ ने बताया कि आवेदन प्राप्?त करने तथा आवेदनों की ऑनलाईन एंट्री करने के लिए 22 अप्रैल तक निर्देश प्राप्?त हुए हैं। योजना का प्रचार-प्रसार वार्डो में मुनादी एवं जनप्रतिनिधियों के माध्?यम से कराया जा रहा है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से योजना का लाभ लेने का आह्वान किया है।

# कैलाशपुर के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु चयनित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** 22 वीं राज्य स्तरीय स्कूल गेम प्रतियोगिता 2023 के रग्बी, लंगोरी, जम्परोप, कूडो व कॉर्फबॉल खेल का आयोजन कोरबा, डोंगरगढ़ व महासमुंद में किया गया। 22 वीं राज्य स्तरीय स्कूल गेम प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षक राजकुमार नायक के नेतृत्व में शासकीय हाई स्कूल कैलाशपुर के लगभग 20 बालिका व 17 बालक वर्ग के खिलाडियों ने अंडर-17 व 19 वर्ग में भाग लिया, जिसमें से फुटबॉल अंडर-19 के बालक वर्ग में सुनिल महंत व बालिका वर्ग में सुस्मिता टोप्पो, पायल गुप्ता, सुनिता राजवाड़े तथा रग्बी खेल के अंडर-19 में इन्द्रमनी राजवाड़े का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है। जिले के खिलाडियों द्वारा राज्य स्तरीय स्कूल गेम प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण, 5 रजत व 3 कांस्य पदक हासिल करने पर



विद्यालय के प्राचार्य मनीशंकर ने बधाई देते हुए महाविद्यालय में राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रग्बी अंडर-19 बालक वर्ग खेलसाय राजवाडे, जय सिंह, उमेश्वर सिंह, हेमनारायन व बालिका वर्ग में इंद्रावती राजवाडे, भगवती राजवाडे, सुनिता राजवाडे, मीना राजवाडे, बिन्दिया राजवाडे, रग्बी अंडर-17 बालक वर्ग में जय जगदीश राजवाडे, रविकांत राजवाडे, समीर सिंह, देवप्रसाद राजवाडे व बालिका वर्ग में रश्मि राजवाडे, मीता राजवाडे, जयन्ती राजवाडे, करीना महंत, संजू सिंह, अनिता राजवाडे लंगोरी अंडर-19 छत्तरपाल, तिलक भान, हरिशंकर, जम्प रोप खेल विधा में कमलेश राजवाडे, फुटबॉली अंडर 19 बालक वर्ग में विरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार महंत व बालिका वर्ग में सुस्मिता, पायल गुप्ता, कुडो बलिका वर्ग में मुस्कान राजवाडे, नंद कुमारी, सुस्मिता, कार्फबॉल बालक वर्ग में विजय कुमार, टाकेश कुमार राजवाडे, लाल बहादुर, लंगोरी बालिका वर्ग में रश्मि राजवाडे, संजू सिंह, कुमारी अनिता, करीना महंत ने भाग लिया। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक राजकुमार नायक ने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी गरीब किसान परिवार से हैं। पहली बार इतनी अधिक संख्या में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ी आगामी तिथि को राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में हुए विधिवत पूजा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कोयलांचलनगरी व आसपास के क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव पर आज जगह-जगह हनुमान मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की गई। भक्तों द्वारा हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड व अखंड रामायण पाठ के साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। गुरुवार चैत्र पुर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव कोयलांचलनगरी व आसपास के क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ मनाया गया। भक्तों द्वारा सुबह से ही हनुमान मंदिरों में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर अनुष्ठान किए गए। हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड व अखंड रामायण पाठ का भी आयोजन उपरांत हवन पूजन किया गया। इसके पश्चात भव्य भंडारे का



आयोजन किया गया। एनएच 43 किनारे नगर के बस स्टैंड किनारे स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, आरटीआई कालोनी स्थित हनुमान मंदिर, ग्राम पंचायत पार्वतीपुर के हनुमान मंदिर व कालीघाट स्थित हनुमान मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों ने पहुंचकर मत्था टेककर विधिवत पूजा अर्चना कर अनुष्ठान किए। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल रहा।

## कार्यकर्ताओं की बदौलत संगठन सबसे बड़ी पार्टी : जायसवाल

### भाजपा के स्थापना दिवस को कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि अनूप जायसवाल के नेतृत्व में भटगांव मंडल के ग्राम राई में कार्यकर्ताओ द्वारा भाजपा की स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। सभी कार्यकर्ताओं से समर्पित भाव से भारतीय जनता पार्टी को एक उच्च शिखर पर ले जाने का बात कहा गया एवं केन्द्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं प्रदेश सरकार की विफलताओं को गिनाने आह्वान किया। सभी ने एक - दूसरे को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि अनूप जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी समुदाय के प्रति एक अच्छी विचार धारा के साथ सबका साथ सबका विकास% के साथ चलने वाली पार्टी है। पार्टी ने आज विश्व के शिखर पर



अपनी पहचान बनाई है। यह सभी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की मेहनत है। हम सब को पार्टी के द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए दल को मजबूती प्रदान करें। हम सबके के लिए गर्व की बात है कि देश के मोदी सरकार के नेतृत्व में गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जिससे आज देश का गरीब खुशहाल है।

इस दौरान महामंत्री पारस पैकरा, सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, भाजयुमो प्रिंस जायसवाल, अभय जायसवाल, अविनाश यादव, आशीष पैकरा, दीपक पैकरा, नरेंद्र देवांगन, प्रेम साय सिंह, रवि पैकरा, सुखदेव सिंह, सोनू यादव, मन्नू, धनश्याम पैकरा, शोभनाथ पैकरा, विष्णु पैकरा, अम्बिका रामलल्लू, लालजीत, सुरेश, राजेन्द्र, भुनेश्वर, धर्भरन, अमित, रंजू, कोमल, बिर साय, संत लाल, ललित सुनील, अन्तलाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय करेंगे आंदोलन व धरना प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। गुरूवार को प्रदेश के समस्त नगरीय निकाय अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2023 तक तीन दिवसीय जिलास्तरीय आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे के निदेर्शानुसार सरगुजा संभाग अध्यक्ष सौरभ यादव के मार्गदर्शन व जिला अध्यक्ष संतोष दीवान के नेतृत्व में नगर निगम चिरमिरी, नगर पालिका मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत झगराखांड, नई लेदरी, खोंगापानी के निकाय अध्यक्ष व कर्मचारिगणो के साथ तीन दिवसीय जिलास्तरीय आंदोलन व धरना प्रदर्शन को लेकर एमसीबी जिले के समस्त नगरीय निकायों के आयुक्त व मुख्यनगरपालिका अधिकारी को सामूहिक अवकाश हेतु ज्ञापन सौपा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के 14 नगर पालिक निगम, 43 नगर पालिका परिषद एवं 113 नगर पंचायतों कुल 170 नगरीय निकायों में कार्यरत समस्त 25000 प्लेसमेंट कर्मचारियों का संगठन है और अपने सदस्यों के हितार्थ 3 सूत्रीय मांग को लेकर विगत वर्षों से निरंतर




संघर्षरत है। जबकि कांग्रेस पार्टी ने सरकार बनने पर 10 दिवस में प्राथमिकता से हमारी मांगों को पूरा करने का वादा किया। इसी प्रकार कांग्रेस के जन-घोषणा (वचन) पत्र ह्लदूर दृष्टि, पक्का इरादा, कांग्रेस करेगी पूरा वादाह्व के बिंदु क्रमांक 11 एवं 30 में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, छटनी न करने तथा आउट सोर्सिंग बंद करने को स्थान दिया है। वहीं दिनांक 14.02.2019 को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वयं घोषणा किये कि इस वर्ष किसानों लिए है आगामी वर्ष कर्मचारियों का होगा। परन्तु अद्यतन सरकार का लगभग साढ़े 04 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत भी नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने हेतु सरकार किसी प्रकार का पहल नही कर रही है। इससे 170 नगरीय निकायों के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी परिवार में काफी असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। सरगुजा संभाग अध्यक्ष सौरभ यादव ने बताया कि शासन द्वारा संचालित अति आवष्यक सेवाओं (सफाई, पानी, बिजली, निर्वाचन कार्य, जनगणना कार्य, लोक सेवा गारंटी अंतर्गत आने वाली समस्त सेवाओं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, शासन की वर्तमान में चल रही महती समस्त योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहभागिता) का क्रियान्वयन नगरीय निकाय के प्लेंसमेंट कर्मचारियों द्वारा ही पूर्ण किया जाता है। विगत वर्ष आयी महामारी कोविड-19 में भी नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह नही करते हुए फ्रंट लाईन वर्कर के रूप में अपना कर्तव्य ईमानदारी से निर्वहन किया है।

महासंघ की 03 सूत्रीय मांग है कि समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट/ठेका प्रथा को समाप्त कर, प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकायों में समायोजन किया जावे। नियमित वेतन भुगतान किया जावे। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित किया जावे तथा नियमितीकरण तक 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जावे। नगरीय निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक न किया जावे। महासंघ के एमसीबी जिला अध्यक्ष संतोष दीवान ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के उपरोक्त 03 सूत्रीय मांग एवं अन्य समस्याओं की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने हेतु 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2023 तक जिले के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ तीन दिवस आंदोलन व धरना प्रदर्शन को लेकर सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। जिस संबंध में समस्त आयुक्त व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान निकाय अध्यक्ष मो० अजीज मंसूरी, राजेश यादव, विजय कुमार, विक्रम मलिक, पुरुषोत्तम, मो० असलम, शम्भू मिश्रा, मो० अनवर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनेंद्रगढ़ विधायक ने किया यंग इंडिया सीजन 3 पोस्टर का विमोचन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विधायक डॉ विनय जायसवाल और नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल की मौजूदगी में यंग इंडिया के बोल सीजन 3 पोस्टर का विमोचन के लिये प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। विदित हो कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा यंग इंडिया के बोल की शुरूआत किया गया था। विमोचन के दौरान विधायक प्रतिनिधि और नगरनिगम चिरमिरी के पार्षद शिवांश जैन ने बताया कि यंग इंडिया के बोल भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता है। उन्होंने बताया कि जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति पर आक्रमण कर रही है उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही है। इस अवसर पर विधायक डॉ विनय जायसवाल ने बताया कि युवाओं को राजनीति से जोड़कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद तीसरा सीजन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खासकर सरकार के खिलाफ देशभर के युवाओं को कार्यक्रम के माध्यम से ताकत मिल रही है जिससे वे खुलकर समाज के सामने अपनी बातों को रख सकेंगे।नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा द्वारा युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उनके हितों से जुड़े विषयों पर सरकार मौन हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम उन्हें शक्ति देगा। इस सीजन में युवा निबंध, कविता एवं व्यंग के माध्यम से अपने विचारों को रखेंगे। विमोचन कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर पंचायत झगराखाण्ड के अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय, उपाध्यक्ष सत्तार अली, शिवांश जैन, शहर कांग्रेस प्रवक्ता शुध्दूलाल वर्मा, ऋषि राज समेत अन्य कार्यकर्ता मौजद रहे।

### आज डिप्टी सीएम बृजेश पाठक करेगें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के अम्बालिका इंस्टिट्यूट आँफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कालेज में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन(उडकक-2023) का आयोजन गुरूवार से किया जायेगा।सम्मेलन में भारत में नवप्रवर्तन के लिये चुनौतियों व अवसर पर एक विशेष चर्चा आयोजित की जायेगी।अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल गुरूवार की सुबह 10:00बजे करेगे।एआईएमटी की अतिरिक्त निदेशक श्वेता मिश्रा ने बताया तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल होकर उक्त विषय पर अपने विचार साझा करेगे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा

**एमसीबी जिले के समस्त हनुमान मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया विशाल भंडारे का आयोजन**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।संकट मोचनहारी हनुमान जी का जन्मोत्सव एमसीबी जिले के समस्त हनुमान मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिरों में मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा हनुमान जी की भव्य झांकी के साथ कलश यात्रा निकाली गई। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मनेंद्रगढ़ शहर के झगड़ाखांड रोड स्थित हनुमान मंदिर में अखंड



रामायण व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया तथा मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। झगड़ाखांड रोड स्थित हनुमान मंदिर से हनुमान भक्तों के द्वारा भव्य झांकी व बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो शहर का भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची और श्रीराम मंदिर से पुनः लौट कर कलश यात्रा हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर श्रद्धालु भक्त पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मनेंद्रगढ़ शहर के हनुमान टेकरी हनुमान मंदिर, सिद्ध बाबा धाम हनुमान मंदिर, विजय नर्सरी स्कूल के समीप स्थित हनुमान मंदिर, स्टेशन रोड हनुमान मंदिर, स्टेशन के पास हनुमान मंदिर, रेलवे डायमंड मंच के पास स्थित हनुमान मंदिर सहित एमसीबी जिले के समस्त हनुमान मंदिरों में हनुमान भक्तों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल शहर में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल हुए और विभिन्न हनुमान मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर मत्था टेक कर अपने मनेंद्रगढ़ विधानसभा वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

## लखनऊ में महिला कांग्रेस की कार्यकताओं ने निकाला मशाल जुलूस

**अगर नारियां कांग्रेस का साथ इस बार देंगी, तो बदलाव होना तय : नकुल दुबे**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, लखनऊ में बुधवार को मॉल ऐवन्यू स्थित यूपी कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महिला कार्यकताओं ने राष्ट्रीयता पर मशाल जुलूस निकाला। संगीता जायसवाल के नेतृत्व में महिलाओं ने तिरंगा साड़ी पहन जुलूस में हिस्सा लिया। इस मौके पर संगीता जायसवाल ने मेयर पद के लिए दावेदारी पेश की।



### संगीता जायसवाल के नेतृत्व में निकाला जुलूस

इस दौरान यूपी कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं से महंगाई और बेरोजगारी पर बात की। साथ ही अडाणी मुद्दे पर पीएम के नाम कुछ सवाल भी रखे। कार्यक्रम में नीशू मनोज, दबीर सिद्धिकी, शैलेन्द्र मोहन, विकास समेत कई लोग मौजूद रहे।

नकुल दुबे ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस जितना महिलाओं का सम्मान कोई पार्टी नहीं करती। वहीं ऑक्सीजन मैन राजेश जायसवाल ने भी नारी शक्ति की तारीफ की। साथ ही उन्होंने कहा अगर नारियां कांग्रेस का साथ इस बार देंगी। तो बदलाव होना तय है।

### नकुल दुबे ने चार सवालों का पोस्टकार्ड भेजा पीएम के नाम

जुलूस से पहले नकुल दुबे ने महिलाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को एक पोस्ट कार्ड थमाया। जिसमें उनसे उनका नाम और पता लिखने को कहा। नीचे प्रधानमंत्री का पता लिखने को कहा। जिसके बाद वो बोले ह्लइस पोस्ट कार्ड के माध्यम से हम प्रधानमंत्री से 4 सवालों के जवाब चाहते हैं। पहला कि पीएम और अडाणी के बीच क्या रिश्ता है। दूसरा ये की अडाणी के अकाउंट में बेनामी 20 हजार करोड़ कहां से आए। तीसरा सवाल पीएम की कितनी विदेश यात्राओं में अडाणी उनके साथ गए। चौथा सवाल ये कि अडाणी को अभी तक आपने कितने ठेके दिलवाएह्व।

## सीआरपीएफ कैंप में आयोजित हुई मानसिक विकास कार्यशाला, सिखाए गए ध्यान करने के अलग-अलग तरीके

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, लखनऊ में बुधवार को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने काफी अच्छी पहल का परिचय दिया। संस्था ने ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ कैंप में मानसिक विकास कार्यशाला आयोजित की। जिसमें कई सीआरपीएफ कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर टीचर नीरू शर्मा ने कहा कि आंतरिक शांति और बाहरी गतिशीलता बनाए रखने के लिए ध्यान करना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी को ध्यान करने के अलगझ्अलग तरीके सिखाए। साथ ही सभी को मेंटल तौर पर पूरी तरह से फिट रहने के भी तरीके समझाए। आर्ट ऑफ लिविंग की



वॉलंटियर डॉ. सीमा मोदी ने भी सीआरपीएफ कर्मियों को मेंटल टिप्स दिए। उन्होंने कहा ह्लआर्ट ऑफ लिविंग वॉलंटर बेस्ड ऐसी संस्था है। जो काफी बड़े लेवल पर काम कर रही है। हमारा मकसद है कि पूरा समाज तनाव मुक्त हो और हर चेहरे पर खिलती हुई मुस्कान होह्व। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक शशि प्रकाश ने इस कार्यशाला की तारीफ की। साथ ही उन्होंने कहा ऐसे आयोजन रेगुलर तौर पर होने ही चाहिए।

### 150 कर्मी हुए शामिल

इस मानसिक विकास कार्यशाला में कमांडेंट एसएच रिजवी, उप कमांडेंट प्रेम कांत चौबे, सुनील कुमार यादव समेत कैंप के करीब 150 महिलाझ्पुरुष कर्मी शामिल हुए। सभी ने इसमें पूरे मन से हिस्सा लेकर खुद को मेंटली फिट रखने का फैसला लिया।

## लखनऊ में दहेज में कार न मिलने पर तीन तलाक

**5 साल पहले हुआ था निकाह, रोज करता था मारपीट**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, लखनऊ में एक दहेज लोभी पति ने दहेज में पांच लाख रुपये और कार न मिलने पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले मारपीट करते थे। चौक पुलिस पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पीड़िता के मुताबिक उसका निकाह वर्ष 2017 में चौक स्थित मीनारा मस्जिद निवासी गुलफाम अहमद उर्फ चन्दा बाबू के साथ हुई थी। निकाह के कुछ ही दिन बाद पति गुलफाम, सास रईसा, जेठ गुलशाद अहमद, निसार अहमद और अदनान अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।




### दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकाला

साथ ही मायके से पांच लाख रुपए और कार न लाने पर घर से निकालने की धमकी देने लगे। इसके बाद पिता ने 25 हजार रुपए दिए। इसके बाद भी इनकी प्रताड़ना कम नहीं हुई और कार के लिए मारपीट करने लगे। यही नहीं पति ने कार न लाने पर घर से मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर चौक केशव कुमार तिवारी के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अलमारी का ताला सही करने के बहाने चुराए जेवर

सरोजनीनगर में टप्पेबाजों ने अलमारी का ताला सही करने के बहाने 50 हजार रुपए नगदी और जेवर पार कर दिए। कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी सब्जी विक्रेता मदन पाल सक्सेना ने बताया कि उनकी अलमारी के दरवाजे का ताला खराब हो गया था। रविवार को घर के बाहर से गुजरे ताला सही करने वाले दो लोगों को रोका। दोनों ने कुछ ही देर में अलमारी सही कर दी। इसके बाद दोनों ने तेल लाने की बात कही। किचन से लाकर उन लोगों को तेल दिया। तेल डालने के बाद दोनों चले गए। कुछ देर बाद अलमारी खोलने पर देखा उसका लॉकर खुला पड़ा था। उसमें रखे 50 हजार रुपए और उतनी ही कीमत के जेवर गायब थे। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर संतोष कुमार आर्य के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर हुलिए के आधार पर संदिग्ध युवकों की तलाश की जा रही है।

## संगीत नाट्य एकेडमी में नाटक शहीद भगत सिंह का मंचन

**महान स्वतन्त्रता सेनानी पर आधारित नाटक ने दर्शकों में भरा देश भक्ति का जोश**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, लखनऊ के संगीत नाट्य एकेडमी में बुधवार को नाटक शहीद भगत सिंह का मंचन हुआ। इस नाटक की प्रस्तुति नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की नौटंकी कार्यशाला द्वारा हुई। देशभक्ति से भरपूर इस नाटक का लेखन शेषपाल सिंह ने किया और निर्देशन आतमजीत सिंह ने किया। नाटक में जलियांवाला बाग के बाद की कहानी दर्शकों को दिखाई गई। जलियांवाला बाग कांड और करतार सिंह सराबा को मिली फांसी का गहरा असर भगत सिंह के दिल पर पड़ा। उनके पिता, दादा, चाचा भी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ रहे थे। उधर भगत सिंह ने सुखदेव, भगवती चरण, एहत्तन इलाही आदि के साथ मिलकर भारत



नौजवान सभा का गठन किया। घरवालों के दबाव के बावजूद वो शादी से इंकार कर देते हैं और लाहौर छोड़कर बलवंत सिंह नाम से कानपुर चले जाते हैं। वहां वो गणेश विद्यार्थी के साथ पत्रकारिता करने लगते हैं। आगे चलकर वो विभिन्न प्रदेशों के क्रांतिकारी संगठनों को मिलाकर हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ का गठन करते हैं। निरंतर देश की सेवा करते हुए भगत सिंह लाला लाजपत राय की शहादत का बदला पुलिस अफसर सांडर्स को मारकर लेते हैं। उनके एक के बाद एक संघर्षों को देख दर्शक काफी प्रेरित हुए। आगे नाटक में दिखाया गया कैसे भगत सिंह भेष बदलकर दुर्गा भाभी को लाहौर से बचाकर लाते हैं। वहीं असेंबली में किसानों, मजदूरों के शोषण के लिए बने बिल के विरोध में बम फेंक अपनी आवाज बुलंद करते हैं। अंत में सांडर्स की हत्या के जुर्म में उन्हें दिल्ली से लाहौर जेल भेज दिया जाता है। जेल में भी अपनी क्रांति से वो पीछे नहीं हटे। जेल में खराब व्यवस्था के चलते वो अपने साथियों के साथ भूख हड़ताल करते हैं। इनके साथी जय गोपाल सरकारी गवाह बन भगत सिंह और उनके साथियों के खिलाफ गवाही देते हैं। जिसके बाद 7 अक्टूबर 1930 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुनाई जाती है।

### राजू पाल हत्याकांड के आरोपी अब्दुल कवि का सरेंडर

लखनऊ, राजू पाल हत्याकांड में फरार चल रहे 1 लाख के इनामी अब्दुल कवि ने बुधवार शाम लखनऊ की उइक कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कवि अतीक अहमद और अशरफ का काफी करीबी है। साथ ही राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी भी है। अब्दुल कवि बीते 18 साल से फरार था। यूपी पुलिस काफी समय से उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। हाल ही में उसके भाई अब्दुल कादिर को कौशांबी पुलिस ने जेल भेजा था। उसके घर पर छापेमारी में असलहे भी बरामद हुए थे। दरअसल, पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते अब्दुल कवि को सरेंडर करना पड़ा। 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। उसकी तलाश में 2 मार्च को पुलिस ने उसके गांव में छापेमारी की। 3 मार्च को बुलडोजर से उसका पैतृक घर गिराया गया।

Created by Universal Document Converter

चिंतन

# आपदा से निपटने के लिए एकीकृत वैश्विक ढांचा बने

आपदा पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मैकेनिज्म बनना चाहिए, जिसमें आपदा के समय तेजी से रिस्पॉन्ड किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा के प्रभाव से निपटने के लिए एकीकृत रवैया अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक क्षेत्र में आपदा का दूसरे क्षेत्र पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है, ऐसे में इससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। पांचवें अंतरराष्ट्रीय आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना सम्मेलन (आईसीडीआरआई) की सार्थकता तभी है, जब इस पर कोई इंटरनेशल सिस्टम विकसित हो। आपदाओं का सामना करने में सक्षम अवसंरचना के निर्माण में स्थानीय ज्ञान के कुशल उपयोग पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आईसीडीआरआई आपदा और जलवायु अनुकूलन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे पर वैश्विक पहल को मजबूती प्रदान करने के वास्ते सदस्य देशों, संगठनों तथा संस्थानों के गठबंधन का वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। 40 देश कुछ वर्षों में सीडीआरआई के लिए गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। यह सम्मेलन उन्नत और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, बड़े और छोटे देशों और वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण को एक मंच पर लाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। बुनियादी ढांचा केवल 'रिटर्न' के बारे में नहीं है, बल्कि पहुंच और लचीलेपन के बारे में भी है। सभी देशों के लिए बुनियादी ढांचे के बारे में समग्र दृष्टिकोण रखना आवश्यक है। सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि परिवहन बुनियादी ढांचा। 'लचीली और समावेशी अवसंरचना' इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है। भारत और यूरोप में लू, चक्रवात और तुर्किए एवं सीरिया में हाल में आए भूकंप आदि हालिया आपदाएं विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों की याद दिलाती हैं। यह उत्साहजनक है कि सरकारों के अलावा वैश्विक संस्थान, निजी क्षेत्र और इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी इसमें शामिल हैं। त्वरित राहत के साथ-साथ आपदाओं के दौरान भी सामान्य स्थिति की जल्द बहाली पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। पिछली आपदाओं का अध्ययन करना और उनसे सबक सीखना ही आगे का रास्ता है। पांच करोड़ डॉलर के इंफ्रास्ट्रक्चर रेजिलिएंस एक्सेलेरेटर फंड ने विकासशील देशों के बीच अत्यधिक रुचि पैदा की है। भारत अपनी मौजूदा जी-20 अध्यक्षता के माध्यम से इस साल दुनिया को एक साथ ला रहा है। आपदा से निपटने के लिए भी एकीकृत वैश्विक प्रयास जरूरी हैं। प्रत्येक राष्ट्र और क्षेत्र विभिन्न प्रकार की आपदाओं का सामना करते हैं। उससे निपटने के लिए संसाधन चाहिए होता है, मिलजुलकर अगर विश्व के देश आपदा से निपटेंगे तो समाधान आसान होगा। भारत की अगुवाई वाला सीडीआरआई में 20 से ज्यादा देशों से 50 वैश्विक संगठनों, निजी क्षेत्र और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि के तौर पर लगभग 90 विशेषज्ञ शामिल हैं। इसमें अधिक मजबूत दुनिया के लिए संभावित समाधानों को बढ़ाने और आपदा एवं जलवायु अनुकूल उद्देश्यों की सुविधा पर ध्यान केंद्रित किया जाना है। सम्मेलन में बुनियादी ढांचे में मजबूती लाने और आपदाओं के बढ़ते मामलों तथा प्रभाव के कारण लोगों और समुदायों के लिए आवश्यक सेवाओं की पहुंच, वितरण और निरंतरता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देने का प्रयास किया जाएगा। आपदा से निपटने के लिए आज जरूरत वैश्विक ढांचा बनाने की है।

# भूटान के 'रुख' पर चिंता लाजिमी



कूटनीति

डॉ. एन.के. सोमानी

**डोकलाम मामले में भूटान के बदले हुए रुख की पृष्ठभूमि के बीच भूटान नरेश का भारत आना न केवल भारत बल्कि चीन के रणनीतिक हल्कों में उत्सुकता का कारण बना हुआ है। पिछले दिनों भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग बेल्जियम के एक अखबार को इंटरव्यू देते हुए डोकलाम के मुद्दे पर भारत को असहज कर देने वाली कुछ बातें कही थी। शेरिंग ने कहा था कि डोकलाम विवाद में भारत, चीन व भूटान बराबर के पक्षकार हैं, कोई छोटा-बड़ा नहीं है। जब भी भारत-चीन चाहेंगे भूटान बातचीत करने के लिए तैयार रहेगा। इससे पहले भूटान ने कभी भी डोकलाम मसले पर चीन को पक्षकार नहीं माना था। इसलिए भूटान नरेश की भारत यात्रा महत्वपूर्ण है।**

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वॉन्गचुक इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। डोकलाम मामले में भूटान के बदले हुए रूख की पृष्ठभूमि के बीच भूटान नरेश का भारत आना न केवल भारत बल्कि चीन के रणनीतिक हल्कों में उत्सुकता का कारण बना हुआ है। संभवतः यह पहला अवसर है, जब भूटान जैसे छोटे राष्ट्र के राष्ट्राध्यक्ष के दौरे को लेकर भारत के सामरिक हल्कों में इस तरह की गर्मजोशी देखी जा रही है। गर्मजोशी की कुछ खास वजह भी हैं।

पिछले दिनों भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग यूरोपीय देश बेल्जियम की यात्रा पर गए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने बेल्जियम के एक अखबार को इंटरव्यू देते हुए डोकलाम के मुद्दे पर भारत को असहज कर देने वाली कुछ बातें कही थी। शेरिंग ने कहा था कि डोकलाम विवाद में भारत, चीन व भूटान बराबर के पक्षकार हैं, कोई छोटा-बड़ा नहीं है। जब भी भारत-चीन चाहेंगे भूटान बातचीत करने के लिए तैयार रहेगा। इससे पहले भूटान ने कभी भी डोकलाम मसले पर चीन को पक्षकार नहीं माना था। इसके अलावा शेरिंग ने डोकलाम में अतिक्रमण के सवाल पर चीन को क्लीन चीट देते हुए कहा कि चीन ने भूटान की सीमा में किसी तरह का कोई अतिक्रमण नहीं किया है, जबकि सेटेलाइट तस्वीरें कुछ और ही बयां कर रही हैं। भूटान की जमीन पर चीन द्वारा बसाए गए गांवों की तस्वीर सबने देखी थी। इन तस्वीरों में इस बात का खुलासा हुआ कि चीन ने डोकलाम पठार के 9 किमी पूर्व दिशा की ओर भूटान के क्षेत्र में एक गांव बसा लिया है। यह वही जगह है, जहां 2017 में भारत और चीन के सैन्य बलों के बीच झड़प हुई थी, जबकि भूटानी पीएम कह रहे हैं कि यह कथित बस्तियां भूटानी क्षेत्र में नहीं आती है।

शेरिंग का यह बयान अपने पहले के स्टैंड से बिल्कुल अलग और नया है। उनके इस बयान पर चीनी प्रभाव की झलक देखी जा सकती है। दूसरी ओर भारत का कहना है कि डोकलाम मसले पर चीन का कोई दखल नहीं होना चाहिए। साल 2019 तक भूटान भी भारत के इस स्टैंड पर उसके साथ खड़ा था। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि नेपाली पीएम ने भारत को परेशान करने वाला यह बयान क्यों दिया है? कहीं ऐसा तो नहीं कि डोकलाम के मोर्चे पर भूटान चीन की आड़ में भारत से किसी तरह की सौदेबाजी की इच्छा रखता हो। कयास तो यह भी लगाए जा रहे हैं कि भूटान अपनी जमीन चीन को सौंप सकता है। पीएम शेरिंग की मंशा पर सामरिक हल्कों में भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, शेरिंग ने भूटान नरेश के भारत आने से पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि त्रिपक्षीय सीमा क्षेत्र डोकलाम को लेकर भूटान के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने भी वस्तुस्थिति को साफ करते हुए कहा है कि शेरिंग के बयान से भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। भारत और भूटान के बीच अच्छा तालमेल है। उन्हें एक संवेदनशील मसले पर चीन की तरफदारी करने से बचना चाहिए। कोई भी ऐसा बयान जो डोकलाम पर चीन को बराबर का साझीदार मानता हो भारत के लिए चिंता का विषय है।



आर्थिक रूप से अल्प विकसित राष्ट्र होने के कारण भूटान की अर्थव्यवस्था कमजोर है, तथा वह मदद के लिए भारत और चीन पर ही निर्भर है। भारत उसका बड़ा मददगार रहा है। भूटान पन-बिजली का एक बड़ा उत्पादक है। वह प्रतिवर्ष भारत को करोड़ों रुपयों की बिजली बेचता है। साल 2018-23 के बीच भारत ने भूटान के विकास के लिए 4500 करोड़ की वित्तीय सहायता दी है। कोविड काल में भी भारत ने भूटान को जरूरी चिकित्सा उपकरण और टीके देकर मदद की थी। भारत की सहायता से वहां चार बड़े बिजली प्रोजेक्ट स्थापित किए गए हैं, जिनकी क्षमता 2000 मेगावाट की है। लैंडलॉक्ड देश होने के कारण भूटान अपनी जरूरतों का 75 प्रतिशत सामान भारत से आयात करता है। उसका 95 प्रतिशत निर्यात भी भारत से ही है। इसके अलावा भूटान भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर संधि से बंधा हुआ है। वह भारत की सहमति के बीना किसी तीसरे देश से सीमा संबंधी समझौता नहीं कर सकता है। ऐसे में भूटान के भीतर एक तबके का मानना है कि भारत पर भूटान की इतनी निर्भरता ठीक नहीं है और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर उसे चीन के साथ भी मजबूत संबंध बनाने चाहिए।

दूसरी ओर चीन भारत और भूटान के 74 साल पुराने घनिष्ट संबंधों को अपनी विस्तारवादी नीतियों में बाधा मानता है। वह दूसरे दक्षिण एशियाई देशों की तरह भूटान में अपनी पैठ जमा रहा है। इसी साल जनवरी में चीन के कुनमिंग शहर में सीमा के मुद्दे पर चीन-भूटान के विशेषज्ञों की बैठक हुई थी। दोनों देश सीमा विवाद सुलझाने के लिए बातचीत में तेजी लाने पर सहमत हुए है। पिछले पांच-छह सालों के दौरान उसने जिस कूटनीतिक तरीके से भूटान के रूख में बदलाव किया है, उससे भारत की सुरक्षा चिंता बढ़ी है। डोकलाम झड़प भी उसकी विस्तारवादी नीति का ही हिस्सा है। चीन चाहता है कि इस ट्राइजक्शन को अंतराष्ट्रीय मानचित्र पर सात किमी दक्षिण में दिखाया जाए। जिससे तकनीकी तौर पर पूरा डोकलाम इलाका चीन के कब्जे में आ जाए। क्षेत्रीय विवाद का हल खोजने में चीन की हिस्सेदारी को लेकर भूटानी पीएम का बयान भारत के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा कि डोकलाम पर चीन साझेदार बने।

1960 तक भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद के कारण संबंध तनावपूर्ण ही रहे हैं। इससे पहले 1954 में 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ चाइना' में प्रकाशित नक्शे में भूटान के बहुत से क्षेत्र पर चीन अपना दावा कर चुका है। लेकिन अब पिछले कुछ वर्षों में चीन जिस तरह से भूटान में अपना निवेश बढ़ा रहा है, उससे यह संभावना भी जताई जा रही है कि भूटानी पीएम ने चीन के दबाव में आकर भारत को असहज करने वाली बातें कहीं हो। पूरे घटनाक्रम को देखते हुए ही भूटान नरेश भारत का यात्रा पर हों। भारत दौरे के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के साथ-साथ भारत को डोकलाम मुद्दे पर भूटान की मनोदशा को समझने एवं उसके बदलते रुख की स्थिति को और अधिक साफ करने की कोशिश करनी चाहिए। हालांकि, प्रधानमंत्री शेरिंग के स्पष्टीकरण के बाद संशय के बादल काफी हद तक छंट चुके हैं, फिर भी यदि भारत भूटान नरेश से इस बात का आश्वासन लेने में कामयाब हो जाता है कि डोकलाम पर उनका देश चीन को उसके नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगा तो कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की यह बड़ी जीत होगी।

(लेखक कूटनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

अरविंद जयततिलक



# भारतीय राजनीति के मनीषी जगजीवन राम

बात चाहे आजादी के संघर्ष की हो अथवा स्वाधीन भारत को अर्थपूर्ण मुकाम देने की या दलित समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की देश सदैव ही जगजीवन बाबू का ऋणी रहेगा। जगजीवन बाबू का निर्मल व्यक्तित्व, ओजपूर्ण वक्तव्य और समतावादी विचार आज भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। गरीब और दबे-कुचले परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी बाबू जगजीवन राम में साहस और आत्मबल गजब का था। छात्र जीवन से ही वे जुझारू प्रकृति के थे और देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और गैर-बराबरी की पीड़ा उन्हें द्रवित करती थी किंतु वे कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने हर परिस्थितियों का साहस से मुकाबला किया। बाबू जगजीवन राम में विपरीत परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की अद्भुत क्षमता थी। अपने कुशल व्यवहार व शालीन आचरण तथा धीर-गंभीर व्यक्तित्व के कारण अपने वैचारिक विरोधियों में भी उतना ही लोकप्रिय थे जितना कि अपनों के बीच। बाबू जगजीवन राम का उदात्त जीवन गांधी जी से प्रभावित था। गांधी की तरह वे भी अहिंसात्मक आंदोलन में विश्वास करते थे। इसीलिए वे गांधी जी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में जब गांधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन का नारा दिया तो बाबू जगजीवन राम सेनापति की तरह अग्रिम पंक्ति में डट गए। वे महज 28 साल की उम्र में ही 1936 में बिहार विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद जब 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के तहत 1937 में चुनाव हुआ तो वे डिप्रेस्ड




क्लास लीग के उम्मीदवार के तौर पर निर्विरोध चुने गए। बाबू जगजीवन राम की राजनीतिक स्वीकार्यता इतनी जबरदस्त थी कि अंतरिम सरकार में लार्ड वॉवेल की कैबिनेट में जब एक दर्जन लोगों को शामिल किया गया तो उनमें जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम मंत्रालय का प्रभार दिया गया। श्रम विभाग के मंत्री तौर उन्होंने अपनी काबिलियत का भरपूर परिचय दिया। उनके मन में आम आदमी के प्रति पीड़ा थी। उनके फोकस में हमेशा समाज के अंतिम पांत का अंतिम व्यक्ति था। वे चाहते थे कि समाज के गरीब, दबे-कुचले और निरीह लोग राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित हो और उनका चतुर्दिक विकास हो। इसलिए श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने ढेरों ऐसे मानवीय कानून बनाए जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने मिनिमम वेजेज एक्ट, इंडसट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट और ट्रेड यूनियन बनाया जिसकी उपादेयता आज भी मजदूरों के हित के लिए सर्वाधिक सारगर्भित मानी जाती है। आजादी के बाद भी बाबू जगजीवन राम ने अपने गुरुत्तर उत्तदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। 1952 में जब देश में प्रथम आम चुनाव हुआ और पंडित नेहरू की सरकार बनी तो जगजीवन बाबू संचार मंत्री बनाए गए। उन दिनों विमानन मंत्रालय भी संचार विभाग के ही अधीन हुआ करता था। उन्होंने निजी विमानन कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया और गांव-गांव में डाकखानों की उपलब्धता सुनिश्चित की। उनकी योग्यता और कर्मठता से अभिभूत होकर पंडित नेहरू ने उन्हें रेल मंत्रालय का उत्तदायित्व भी सौंप दिया। बतौर रेलमंत्री बाबू जगजीवन राम ने रेलवे के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। जगजीवन राम की दिलेरी कभी-कभी कुतुहल पैदा करती थी। सत्ता का मोह उनपर कभी हावी नहीं रहा। जब कामराज योजना आयी तो उन्होंने सत्ता सुख को ठोकर लगाकर एक कर्मयोगी की तरह संगठन पर ध्यान केंद्रित किया। किंतु लालबहादूर शास्त्री के मृत्योपरांत जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी तो बाबू जगजीवन राम उनके लिए फिर प्रासंगिक हो गए। उन दिनों भारत संक्रमण के दौर से गुजर रहा था। उम्मीद की किरण तब जगी जब नॉरमन बोरलाग भारत आकर हरित क्रांति का संचार किया। आधुनिक सोच के प्रबल पैरोकार बाबू जगजीवन राम तब कृषि मंत्री थे। उन्होंने हरित क्रांति को आगे बढ़ाया। महज तीन साल के अंदर ही अन्न उत्पादन के मामले में भारत अपने पैरों पर खड़ा होने लगा। 1971 में भारत-पाक युद्ध में बाबूजी का योगदान अविस्मरणीय है। 5 अप्रैल 1908 को उनका जन्म हुआ था, 6 जुलाई 1986 को उनका निधन हुआ। आज उनकी जयंती पर राष्ट्र नमन कर रहा है।

## राग-विराग से द्वंद्वातीत



मन जब रागी होता है तो वह वस्तुओं को, संसार को पकड़ता है। पर जब विरागी हो जाता है तो वह उन्हीं को छोड़ने लग जाता है। छोड़ना, आसक्ति से विरक्त होना नहीं है। भीतर से जिसको हम छोड़ रहे हैं, उससे हमारा संबंध छूटने के साथ उसकी ओर कोई आशा-तृष्णा हमारे अंदर बाकी न रहे। जो इनसे पार की बात करता है, राग और विराग दोनों जिसके लिए बीते दिन की बात हो जाएं। जिसने शीत और उष्ण को ही नहीं, सब प्रकार की अनुकूलताओं और प्रतिकूलताओं को सह लिया, जिसका जीवन समता, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, अचौर्य और सत्य से परिपूर्ण है। जो भी जीव ऐसा है, वह महावीर है। नाथ वंश में जन्मे जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर का प्राथमिक धर्म मानवता था। संपूर्ण विश्व शांतिमय हो जाए, यदि हम महावीर के एक छोटे से सूत्र का ही सच्चे मन से पालन करने लगें कि- संसार के सभी छोटे-बड़े जीव हमारी ही तरह हैं, हमारी आत्मा का ही स्वरूप हैं। आचार्य तुलसी का कहना है कि व्यवहार जगत में जीने वाले के लिए विरोध, अवहेलना, अनादर या आक्रोश का भाव जाग जाए तो उससे क्षमा याचना करना और क्षमा देना मैत्री है, लेकिन व्यवहार के धरातल से ऊपर उठे हुए व्यक्ति की मैत्री किसी एक के प्रति नहीं होती। उसका आदर्श होता है-विश्व के समस्त प्राणियों के समत्व की अनुभूति। संसार के छूटने पर जो बचता है, वही सार है, असार का। जो इस सार और असार का भेद जान जाता है, जो शत्रु, मित्र, अपना, पराया इन सब रेखाओं से पार चला जाता है।




संकलित

दर्शन

## बुराई हमें कैसे बर्बाद करती है



महावीर स्वामी से जुड़े कई ऐसे किस्से हैं, जिनमें जीवन को सफल बनाने के सूत्र बताए गए हैं। अगर इन सूत्रों को अपने जीवन में उतार लिया जाए हमें भी सुख-शांति के साथ ही सफलता भी मिल सकती है। एक दिन महावीर स्वामी से शिष्य प्रश्न पूछ रहे थे और स्वामी जी उनके उत्तर दे रहे थे। उस समय एक शिष्य ने प्रश्न पूछा कि किस वजह से कोई व्यक्ति बर्बाद हो सकता है? महावीर स्वामी ने सभी शिष्यों से इस प्रश्न का उत्तर पूछा तो शिष्यों ने कहा कि अहंकार, कामवासना, लालच और क्रोध की वजह से व्यक्ति बर्बाद हो सकता है। स्वामी जी ने सभी बातें सुनीं और फिर पूछा कि मेरे पास ये एक कमंडल है, अगर इसे नदी में छोड़ दें तो क्या ये डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो नहीं डूबेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर इसमें एक छेद हो जाए तो? शिष्यों ने कहा कि छेद की वजह से तो कमंडल डूब जाएगा। छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। महावीर जी ने शिष्यों को समझाते हुए कहा कि ये बात हमारे जीवन पर भी लागू होती है। हमारा शरीर कमंडल जैसा है और बुराइयां छेद की तरह हैं। अगर बुरी आदत छोटी सी भी है, तब भी हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है। कामवासना, गुस्सा, लालच, मोह, अहंकार, नशा, ईर्ष्या हमें बर्बाद कर सकती हैं। इन बुराइयों को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए।



संकलित

प्रेरणा

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### दागी सांसदों-विधायकों के मामले जल्द निपटाए जाएं

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती है कि कायदे कानून सबके लिए बराबर होते हैं और होना भी चाहिए। एडीआर की मानें तो माननीय एमपी, एमएलए के हजारों आपराधिक मामले दशकों से देश की अदालतों में लंबित हैं। 2014 में लगभग 34 और 2019 में लगभग 43 फीसदी दागी छवि वाले माननीय एमपी चुने गए थे। मुझे नहीं लगता है कि हाल में हुए एक सांसद के कनविक्शन के अतिरिक्त किसी अन्य सांसद का फैसला आया हो। देश पूछना चाहता है कि जनता के लिए कानून बनाने वाले माननीयों के आपराधिक मामले कब तक लंबित रह सकते हैं? देश की जनता सरकार से अपेक्षा करती है कि सरकार विशेष अदालतों का गठन कर अपराधिक छवि वाले माननीयों के मामलों का निपटारा करे। *- राघवेंद्र पाठक, राजिम*

### ट्रेंड

#### अहिंसा को आचरण में ढालें



महावीर जयंती पर सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह की शिक्षा देकर मानवता को राह दिखाई। सभी देशवासी, अहिंसा को आचरण में ढालें, प्रकृति का संरक्षण करें।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

#### सौहार्दपूर्ण समाज बनाएं



आज एक विशेष दिन है, जब हम भगवान महावीर की महान शिक्षाओं को याद करते हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण का रास्ता दिखाया। उनसे प्रेरित होकर, हम हमेशा दूसरों की सेवा करें और गरीबों की मदद करें।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** ग्रह की उपस्थिति से आपके व्यवसाय में प्रगति होगी। जमीन/प्रॉपर्टी खरीदने का अच्छा अवसर बन रहा है। लेकिन यह मौका आपके वर्तमान निवास स्थान से दूर हो सकता है। इस महीने खूब धन लाभ होगा।

**वृष राशि :** गणेशजी कहते हैं कि अप्रैल का महीना अच्छी सफलता लेकर आएगा। विदेशी धन प्राप्ति के योग बनेंगे और जीवन साथी के माध्यम से भी धन लाभ हो सकता है। आपके खर्चे अधिक होंगे लेकिन चल अचल संपत्ति खरीदने का फायदा आपको मिल सकता है। इस दौरान आप एक से अधिक माध्यमों से धन प्राप्त करने में सफल रहेंगे। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो आप किसी पार्ट टाइम व्यवसाय में भी हाथ आजमा सकते हैं, जो आपकी आय में वृद्धि दर्ज कराने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

**मिथुन राशि :** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलेगी। आपको प्रमोशन मिल सकता है। अधिकारी आपके काम से काफी प्रसन्न रहेंगे और आपको सम्मानित भी किया जा सकता है। भूमि-भवन के सौदों में आपको नुकसान हो सकता है।

**कर्क राशि :** पहले की गई सारी मेहनत का लाभ आपको इस माह मिलने वाला है। कार्यक्षेत्र में इस माह किसी महिला सहकर्मी की मदद से आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**सिंह राशि :** इस माह खूब खरीदारी के संकेत मिल रहे हैं, जाहिर है धन संबंधी योग भी अच्छे बन रहे हैं।

**कन्या राशि :** पैसों के लिए भी सितारे सामान्य हैं, लेकिन लोकप्रियता इतनी अधिक रहेगी कि इस माह आपको कोई और कमी नजर नहीं आएगी और आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला राशि :** गणेशजी कहते हैं कि यह माह धन संबंधी अनेक जानकारियां लेकर आ रहा है। भाग्य स्थान में ग्रह के गोचर के कारण धन की बचत भी होगी। अप्रैल के महीने में धन भाव का स्वामी आपके लिए अनुकूल रहेगा। रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग से जुड़े लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। व्यापार के सिलसिले में की गई यात्राओं में भी भाग्य चमकेगा।

**वृश्चिक राशि :** इस समय आपको पारिवारिक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि धन की आवक भी लगातार बनी रहेगी लेकिन आपके हाथ कुछ भी नहीं लगने वाला है।

**धनु राशि :** इस महीने आप कोई प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं। सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को इस महीने अच्छी खबर मिल सकती है। आय में वृद्धि होगी। धन की आमद अच्छी हो गई है।

**मकर राशि :** मकर राशि वालों के लिए पैसों के लिए यह एक बेहतरीन महीना है।

**कुंभ राशि :** इस माह अच्छे अवसर मिलने के संकेत हैं, नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए शुभ समाचार मिलते रहेंगे। धन के लिए भी यह माह शुभ है।

**मीन राशि :** नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को अच्छी नौकरी मिल सकती है। विदेश जाने का सपना पूरा हो सकता है। ससुराल पक्ष से अचानक धन प्राप्ति के भी संकेत हैं। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, लेकिन काम में लापरवाही और चतुराई आपको भारी पड़ सकती है।

### रोज खाना न भूलें बादाम

## दिमाग नहीं बॉडी भी बनेगी एक्टिव

**बादाम** खाना सेहत के लिए कितना फायदेमंद है, इस बात को शायद अब बच्चे भी जानने लगे हैं। ज्यादातर पेरेंट्स बच्चों को उनकी मेमोरी पॉवर और स्ट्रांग इम्युनिटी के लिए बादाम खिलाना पसंद करते हैं। मगर उन पेरेंट्स के लिए यह जानना बेहद जरुरी है कि बादाम केवल बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि हर उम्र के इंसान के लिए फायदेमंद है क्योंकि बादाम केवल आपकी यादाश्त ही नहीं बढ़ाते बल्कि आपको कई बीमारियों से बचाने में भी मदद करते हैं, आइए जानते हैं कैसे...



**पोषक तत्वों का भंडार :** बादाम का सेवन शरीर में एक नहीं बल्कि कई तत्वों की पूर्ति करता है, जैसे कि इनमें मौजूद विटामिन ई, आहार फाइबर, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन जैसे तत्व शरीर को बीमारियों से बचाकर रखते हैं।

**कड़वे बादाम :** कड़वे बादाम खाने से कैंसर जैसी बीमारी को भी मात दी जाती है। छिलके वाले बादाम खाने में कड़वे होते हैं, आयुर्वेद की मानें तो मीठे बादाम से ज्यादा कड़वे बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाात है।

**मजबूत हड्डियां :** रोजाना बादाम खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनती हैं। इनमें मौजूद मैगनीज, पोटाशियम और कैल्शियम हड्डियों को मजबूती प्रदान करने का काम करता है। जैसा कि आप जानते हैं डायबिटीज का मरीज ऐसी बहुत सी पौष्टिक चीजें हैं जिनका सेवन अच्छे से नहीं कर पाता, ऐसे में यदि डायबिटीज के मरीज हर रोज 5 से 6 बादाम खाते हैं तो उनके शरीर को ताकत प्राप्त होती है।

# बीमार बना रहा भारी बटुआ

**जीं**स या पैंट की पिछली जेब में भारी बटुआ रखने की प्रवृति युवाओं को कमर और पैरों की गंभीर बीमारी का शिकार बना रही है। जींस या पैंट की पीछे वाली जेब में भारी वॉलेट रखने से पियरी फोर्मिस सिंड्रोम या वॉलेट न्यूरोपैथी नाम की बीमारी हो सकती है जिसमें कमर से लेकर पैरों की उंगलियों तक सुई चुभने जैसा दर्द होने लगता है। इस इस बीमारी के शिकार वे लोग ज्यादा होते हैं जो पैंट या जींस की पिछली जेब में मोटा वॉलेट रखकर घंटों कम्प्यूटर पर काम करते रहते हैं। आज के समय में इस बीमारी के सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे है। कंप्यूटर इंजीनियरों को इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। इस बीमारी का समय रहते उपचार नहीं होने पर सर्जरी करवानी पड़ती है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ आथोर्पेडिक सर्जन डा. राजू वैश्य ने बताया कि जब हम पैंट में पीछे लगी जेब में मोटा बटुआ रखते हैं तो वहां की पायरी फोर्मिस मांसपेशियां दब जाती है।



### मांसपेशियों पर पड़ता है दबाव

इन मांसपेशियों का संबंध सायटिक नर्व से होता है, जो पैरों तक पहुंचता है। पैंट की पिछली जेब में मोटा बटुआ रखकर अधिक देर तक बैठकर काम करने के कारण इन मांसपेशियों पर अधिक दवाब पड़ता है। ऐसी स्थिति बार-बार हो तो पियरी फोर्मिस सिंड्रोम हो सकती है, जिससे मरीज को अहसनीय दर्द होता है। जब सायटिक नस काम करना बंद कर देती है तो पैरों में बहुत तेज दर्द होने लगता है। इससे जांघ से लेकर पंजे तक काफी दर्द होने लगता है। पैरों की अंगुलियों में सुई जैसी चुभन होने लगती है।

### कमर में हो सकता है दर्द

फोटिर्स एस्कार्ट हार्ट इंस्टीच्यूट के न्यूरो सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. राहुल गुप्ता के अनुसार मोटे पर्स को पिछली जेब में रखकर बैठने पर कमर पर भी दबाव पड़ता है। चूंकि कमर से ही कूल्हे की सियाटिक नस गुजरती है इसलिए इस दबाव के कारण आपके कूल्हे और कमर में दर्द हो सकता है। साथ ही कूल्हे की जोड़ों में पियरी फोर्मिस मांसपेशियों पर भी दबाव पड़ता है। इसके अलावा रक्त संचार के भी रूकने का खतरा होता है। हमारे शरीर में नसों का जाल है जो एक अंग से दूसरे अंग को जोड़ती हैं। कई नसें ऐसी भी होती हैं जो दिल की धमनियों से होते हुए कमर और फिर कूल्हे के रास्ते से पैरों तक पहुंचती हैं। जेब की पिछली पॉकेट में पर्स रखकर लगातार बैठने से इन नसों पर दबाव पड़ता है, जिससे कई बार खून का प्रवाह रुक जाता है। ऐसी स्थिति लंबे समय तक बने रहने से नसों में सूजन भी बढ़ सकती है।

### स्पाइनल ज्वाइंट्स में दर्द

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आथोर्पेडिक सर्जन डा. अभिषेक वैश बताते हैं कि पैंट या जींस की पीछे की जेब में मोटा पर्स रखने से शरीर के निचले हिस्से का संतुलन भी बिगड़ जाता है जिससे कई तरह की शारिरिक परेशानियां हो सकती हैं। पिछली जेब में मोटा वॉलेट होने की वजह से शरीर का बैलेंस ठीक नहीं बनता है और व्यक्ति सीधा नहीं बैठ पाता है। इस कारण ऐसे बैठने से रीढ़ की हड्डी भी झुकती है। इस वजह से स्पाइनल जॉइंट्स, मसल्स और डिस्क आदि में दर्द होता है।

### डॉक्टरों के सुझाव

- घंटों बैठना हो तो जेब से पर्स निकालकर कहीं और रखें।
- पेट के बल लेटकर पैरों को उठाने वाले व्यायाम करें।
- जिन्हें यह बीमारी है वे अधिक देर तक कुर्सी पर नहीं बैठे।
- कुर्सी पर बैठने से पहले ध्यान रखे कि बटुआ जेब में न हो।
- ड्राइविंग करते समय भी अधिक देर तक नहीं बैठना चाहिए।
- छोटे से छोटे पर्स का इस्तेमाल करे या अपना पर्स आगे की जेब में रखे।

अगर यह बीमारी आरंभिक अवस्था में है तो व्यायाम से भी लाभ मिल सकता है। बीमारी के बढने पर सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है जो काफी महंगी होती है इसलिए बेहतर होगा की आप सावधानी बरतें।



## सोने से पहले क्यों जरूरी है 1 गिलास गर्म पानी पीना

**से**हतमंद रहने के लिए दिनभर में 8-9 गिलास पानी पीना जरूरी होता है। मगर, एक्सपर्ट ठंडे की बजाए हल्का गुनगुना पानी पीने की सलाह देते हैं। गर्म पानी ना सिर्फ बॉडी को डिटॉक्स करता है बल्कि इससे और भी कई फायदे मिलते हैं, खासकर अगर आप रात को सोते समय गर्म पानी पीते हैं तो। चलिए आज हम आपको बताते हैं रात को सोने से पहले 1 गिलास गर्म पानी पीने के आपको क्या-क्या फायदे होते हैं।

### वजन घटाए

रात के समय पाचन क्रिया ज्यादा तेजी से काम करती हैं इसलिए खाना आसानी से पच जाता है। वहीं अगर आप 1 गिलास गर्म पानी पी लेते हैं तो यह खाने को आसानी से ब्रेकडाउन करता है, जिससे फैट शरीर में जमा नहीं होता और वजन घटाने में मदद मिलती है।

### टॉक्सिंस को निकाले बाहर

गर्म पानी पीने से शरीर का तापमान बढ़ता है और पसीना निकलता है। साथ ही इससे ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ता है, जिससे शरीर के टॉक्सिंस फ्लशआउट हो जाते हैं।

### डिप्रेशन और तनाव

इससे नींद और मूड़ बेहतर होता है, जिससे आप तनाव से बचे रहते हैं और इससे डिप्रेशन का खतरा कम होता है।

### बेहतर पाचन क्रिया

गर्म पानी पाचन तंत्र में अनवॉन्टेड फूड्स को घोलता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर तरीके से काम करते हैं। साथ ही इससे आप कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से भी बचे रहते हैं।

### बढ़ियां पेन किलर

अक्सर महिलाएं थकावट व बदन दर्द महसूस करती हैं। ऐसे में आपको रात को सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी पीना चाहिए। यह आपके लिए पेन किलर की तरह काम करेगा, जिससे हर तरह के दर्द से राहत मिलेगी।

### खून के थक्के बनना

गर्म पानी ने से ब्लड क्लॉट अच्छे से घुलते है और धमनियों में क्लॉट बनना बंद हो जाता है। इससे हार्ट अटैक और लकवे जैसी प्रॉब्लम का खतरा भी कम होता है।

### बालों के लिए फायदेमंद

बालों के लिए भी रात को गर्म पानी पीना काफी फायदेमद है। इससे स्कैलप में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है, जिससे इनकी ग्रोथ अच्छी होती है और बाल चमकदार भी बनते हैं।




### ग्लोइंग स्किन

रात को गर्म पानी पीने से स्किन भी डिटॉक्स होती हैं, जिससे एक्ने, कील-मुहांसे व पिंपल्स दूर होते हैं। साथ ही इससे स्किन भी ग्लो करती है।

# शिल्पा की तरह पालक-दाल खाकर रहें फिट, जानिए पूरी रेसिपी

*बॉलीवुड एक्ट्रेस **शिल्पा शेट्टी** ना सिर्फ योग करती हैं बल्कि फिट रहने के लिए वह अपनी डाइट का भी खास ख्याल रखती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने अपने यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पालक दाल की हेल्दी और टेस्टी बताई है।*





**अ**गर आप भी एक जैसी दाल खाकर बोर हो गए हैं तो शिल्पा द्वारा बताई इस पारंपरिक हैल्दी रेसिपी को ट्राई कर सकते हैं, जो आपका स्वाद और सेहत दोनों बरकरार रखेगी। शिल्पा की इस वीडियो के साथ लिखा, हम में से कई लोगों के लिए, दाल आहार का एक जरूर हिस्सा है, जिसे लोग दिनभर की डाइट में एक बार तो लेते हैं। इसके कई रूप हैं, लेकिन इस हफ्ते की रेसिपी मेरी पसंदीदा, पालक दाल है। यह सब अपने आप में एक संपूर्ण भोजन है, जिसे चावल या रोटियों के साथ खाया जा सकता है। आप भी इसे आजमाएं!

एक संतुलित डाइट के लिए सबकुछ खाना जरूरी है। दाल, चावाल, सब्जी और रोटी ये सब हमारी डाइट का एक जरूरी हिस्सा हैं, जिसके बिना शरीर को हर पोषक तत्व नहीं मिल सकते। मगर, बावजूद इसके आप पौष्टिक भोजन लेने से चूक जाते हैं, जिससे शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। ऐसे में शिल्पा द्वारा बताई गई दाल-सब्जी की यह रेसिपी आपके लिए फायदेमंद हो सकती है, जिससे आपको आयरन, प्रोटीन, विटामिन्स, फोलेट जैसे जरूर तत्व मिलेंगे।

### फायदेमंद है पालक-दाल?



पालक-दाल में मौजूद मिनिरल्स शरीर के पीएच लेवल को कंट्रोल करते हैं। वहीं 100 ग्राम पालक में आपको 2.72 मि ग्राम आयरन मिल जाएगा। साथ ही यह प्रोटीन, विटामिन ङ का भी बढ़िया स्त्रोत है, जो आपको कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। ऐसे में आप भी अपनी डाइट में इस दाल को जरूर शामिल करें।

### पालक के फायदे

पालक में विटामिन्स, कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, मैग्निशियम, आयरन, अमीनो एसिड तथा फोलिक एसिड जैसे तत्व होते हैं, जोकि हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ शरीर में खून की कमी भी पूरी करते हैं। साथ ही मोटापा, डायबिटीज, कमजोर इम्यून सिस्टम, पाचन क्रिया को भी दुरुस्त रखने में भी पालक काफी फायदेमंद है।

### पालक-दाल बनाने की रेसिपी

**अरहर की दाल - 1 कप, घी - 1 टेबलस्पून, सरसों के बीज, जीरा, करी पत्ते - 8-10, हरी मिर्च - 2, प्याज - बारीक कटा हुआ, लहसुन - 1 टेबलस्पून, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, गरम मसाला, पालक- 1 कप (बारीक कटा हुआ), नमक - स्वादानुसार, धनिये के पत्ते।**

### बनाने का तरीका

**एक चुटकी हींग, 3/4 टीस्पून हल्दी और, टोअर दाल में 3 कप पानी डालकर 3 सीटी लगा लें। फिर पकी हुई दाल में गरम मसाला, पालक, पैन में 1 टेबलस्पून घी डालकर उसमें राई डालकर भूनें। फिर इसमें जीरा, करी पत्ता, हरी मिर्ची डालकर फ्राई करें। अब इसमें प्याज डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक पकाएं। फिर इसमें अदरक-लहसुन डालकर फ्राई करें। इसमें हल्दी, लाल मिर्च, गरम मसाला, नमक, पकी हुई दाल व थोड़ा-सा पानी मिक्स करें। आखिर में इसमें पालक डालकर 10 मिनट धीमी आंच पर पकाएं। धनिया पत्ती से गार्निश करके सर्व करें। इस पावर-पैक पालक दाल को आप चावल या चपाती के साथ मन भर कर खा सकते हैं।**

# दिल के लिए बेस्ट है चाय पीना

**सर्दी हो या गर्मी चाय पीना हर किसी को अच्छा लगता है। कुछ लोग रिलैक्स होने के लिए तो कुछ स्वाद के चक्कर में इसे पीना पसंद करते है। सर्दियों में गर्माहट पाने के लिए इसका सेवन करना बेस्ट होता है। ऐसे में कई लोग दूध की बनी चाय, ग्रीन और ब्लैक-टी को पीते हैं लेकिन क्या आप जानते है चाय पीना शरीर के लिए फायदेमंद होता है? एक रिसर्च के मुताबिक हफ्ते में 3 से 4 कप चाय पीने से दिल की बीमारियों के होने का खतरा कम होता है। अगर कही इसका सेवन रोज किया जाए तो दिल स्वस्थ रहने के साथ स्ट्रोक होने के चांचिस 20 प्रतिशत कम हो जाते है। तो चलिए जानते है चाय से जुड़ी कुछ खास बातें...**



### कौन सी चाय है बेस्ट?

वैसे तो लोग फिट एंड फाइन रहने के लिए ज्यादातर ग्रीन-टी, हर्बल-टी, ब्लैक-टी को पीना पसंद करते है। इनमें पॉलीफेनॉल तत्व पाया जाता है जो शरीर के लिए फायदेमंद होता है। ऐसे में कई लोग ब्लैक-टी में दूध डालकर पीते है जिसके कारण पॉलीफेनॉल का असर कम हो जाती है। ऐसे में इनमें से ग्री-टी को बेस्ट माना जाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक पॉलीफेनॉल तत्व दिल से जुड़ी समस्या के होने का खतरा कम रहता है। चाहे महिलाओं के मुकाबले पुरूषों को हृदय रोग होने की संभावना ज्यादा होती है लेकिन दोनों को ही इस चाय का सेवन करना चाहिए।

### क्या खास होता है चाय में?

रिसर्च के अनुसार चाय में पॉलीफेनॉल नाम का तत्व पाया जाता है जो दिल के लिए फायदेमंद होता है। यह तत्व दिल को स्वस्थ रख इससे जुड़ी बीमारियों के होने के खतरे को कम करता है। साथ ही खराब कोलेस्ट्रॉल कम हो गुड़ कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। ऐसे में बॉडी में पॉलीफेनॉल की मात्रा कम होने पर चाय पीकर इसे पूरा किया जा सकता है।

### चाय के अलावा दिल के लिए फायदेमंद है ये चीजें

चाय के साथ पॉलीफेनॉल रेड वाईन, डार्क चॉकलेट और बेरीज में मौजूद होता है। जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है।

**सूरजमुखी का तेल:** सूरजमुखी के तेल को खाना बनाने में इस्तेमाल करने से दिल से जुड़ी समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है।

**बादाम:** बादाम खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है।

ऐसे में चाय के साथ इनका सेवन करने से दिल को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है।

# ब्लड क्लॉटिंग से बचने के लिए जरूरी है विटमिन-के

**विटमिन-के** विटमिन्स के उस ग्रुप से आता है, जिन्हें फैट-साल्यूबल विटमिन्स कहा जाता है। विटमिन-के हमारे ब्लड को गाढ़ा होने से रोकता है। इस कारण हमारा ब्लड फ्लो सही बना रहता है और शरीर में खून का थक्का नहीं जमता यानी ब्लड क्लॉटिंग का खतरा दूर होता है।

### कैसे काम करता है विटमिन-के?

हमारे शरीर में कहीं भी चोट लगने पर जब खून निकलने लगता है तो कुछ देर में ही उस जगह पर ब्लड की एक लेयर बनकर सूख जाती है ताकि शरीर से अधिक खून ना बह सके... यह काम ब्लड में मौजूद प्रोथोम्बिन नाम के प्रोटीन के कारण होता है। इस प्रोटीन के निर्माण के लिए शरीर को विटमिन-के की जरूरत होती है। यानी विटमिन-के दो तरह से काम करता। शरीर के अंदर ब्लड को जमने नहीं देता और शरीर के बाहर ब्लड को बहने नहीं देता!

### हड्डियों के लिए जरूर विटमिन-के

ऐसा नहीं है कि केवल ब्लड का थक्का जमाने के लिए ही हमारे शरीर को विटमिन-के चाहिए बल्कि हड्डियों की मजबूती के लिए भी इसकी जरूरत होती है। विटमिन-के हड्डियों के मैकेनिजम को ठीक रखने का काम करता है। जिससे ना तो हड्डियां बहुत सॉफ्ट होती हैं और ना ही कमजोर। ऐसे में फ्रैक्चर होने का डर काफी कम हो जाता है।

### यह है वरदान सरीखा

शरीर में विटमिन-के की कमी बहुत सामान्य समस्या नहीं है। यही इसके साथ खास बात है। बहुत ही रेयर केसेज में शरीर में इसकी कमी होती है लेकिन जब हो जाती है तो किसी ना किसी गंभीर बीमारी का कारण बनती है। इसकी कमी से खून का थक्का जमने का टाइम बहुत अधिक बढ़ जाता है, जो जानलेवा भी साबित हो सकता है।

# ये 5 खराब चीजें बना सकती हैं आपको ब्लड प्रेशर और शुगर का मरीज

**आज** के बिजी लाइफ स्टाइट, अनियमित और अनहैल्दी चीजों का सेवन करने से शरीर को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचता है। ऐसे में लोगों द्वारा शौकियातौर पर अपनाई कुछ खराब आदतें जैसे कि शराब, सिगरेट का सेवन करना आदि आगे चलकर जानलेवा साबित हो सकती है। अगर समय रहते इसे छोड़ा न जाएं तो यह धमनियां के खराब होने, हार्ट अटैक, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों के होने का कारण बन सकती है। तो चलिए आज हम आपको उन 5 गलत आदतों के बारे में बताते है जिसे समय रहते बदलने में ही भलाई है।



### सिगरेट से बनाएं दूरी

जैसे कि सभी जानते ही है सिगरेट सेहत के लिए हानिकारक होती है लेकिन फिर भी कुछ लोग इसका सेवन करते हैं। जिससे फेफड़े खराब होने के साथ कैंसर होने का खतरा बढ़ता है। इसको पीने से शरीर में धमनियां सिकुड़ने लगती है जिसके कारण खून के बहने की परेशानी होती है जिसका सीधा असर दिल पर पड़ता है। ऐसे में अगर आपको सिगरेट पीने की आदत है तो इसे जल्द से जल्द छोड़ दे।

### शराब को कहें न

सिगरेट की तरह शराब पीने से भी शरीर को बारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। कई लोग शौक से या रिलैक्स होने के लिए इसे पीते है लेकिन यह गलत है। इसके सेवन से धमनियां कठोर होती है। कभी-कभी तो धमनियों में सूजन की समस्या भी हो जाती है। लीवर खराब होने के साथ-साथ हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियां के होने का खतरा बढ़ता है।

### पौष्टिक चीजों का करें सेवन

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हैल्दी डाइट लेना बहुत जरूरी है। ऐसे में धमनियों को सही रखने के लिए ऐसी चीजों का सेवन करें जिसमें पोटैशियम की मात्रा ज्यादा हो। क्योंकि इसकी कमी होने से धमनियों सिकुड़ने लगती है जो रक्त प्रवाह का कारण बनती है। अगर कहीं खून का फ्लो सही से न हो तो ब्लड प्रेशर हाई होता है जिससे धड़कनें बढ़ने लगती है। ऐसे में ब्लड प्रेशर बढ़ने या बिगड़ने से ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक, किडनी खराब होने या फेल होने ज्यादा चांचिस होते है। इसके जरूरी है कि पोटेशियमयुक्त आहार जैसे कि आलू, दही, चुकंदर, बीन्स, केला, पपीता, तरबूज, आम आदि का सेवन भारी मात्रा में किया जाए।

### नमक और चीनी का सेवन कम

अगर आप भी ज्यादा नमक और चीनी खाते है तो अपनी इस आदत को जल्दी ही बदल लें। चीनी का ज्यादा सेवन करने से डायबिटीज और नमक को भारी मात्रा में खाने से हाई ब्लड प्रेशर की बीमारियों के होने के खतरा बढ़ता है। आगे चलकर ये दोनों बीमारियां हार्ट अटैक का कारण बनती है। ऐसे में इनका ज्यादा सेवन करने से बचे।

# हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया गया सरहुल पूजा

## मुख्यमंत्री बघेल जशपुर में आयोजित सरहुल पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए

■ धरती की पूजा कर प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की, समाज के पदाधिकारियों ने पारंपरिक गमछा एवं पगड़ी पहना कर तथा पारंपरिक वाद्य यंत्र भेंट कर किया स्वागत, आदिवासी संस्कृतिक भवन निर्माण के लिए किया 50 लाख की घोषणा










छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर जिले के राजी पड़हा मुख्यालय दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल पूजा (खद्दी परब) कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विधि विधान से धरती की पूजा कर प्रदेश वासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। खद्दी पर्व धरती पूजा के अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री बघेल को पारंपरिक गमछा एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर भी भेंट किया। राजी पड़हा समाज के द्वारा हर्षोल्लास और पारम्परिक रीति रीवाज से सरहुल पूजा (खद्दी परब) मनाया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने खद्दी परब के अवसर पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति एवं धरती को सरंक्षित रखने के लिए हमने संकल्प लिया है और हमें संकल्प को पूर्ण करना है। उन्होंने समाज के सभी लोगों को अपनी प्रकृति, संस्कृतिक धरोहर को सरक्षित रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता ही संस्कृति के सबसे बड़ी विशेषता है और इसको हमें आगे बढ़ाना है। परंपरा एवं संस्कृति को बचाने के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। इसे ध्यान रखते हुए हरेली, तीज, करमा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस, छठ पूजा, चेटीचंड महोत्सव के लिए शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। जिससे संस्कृति एवं परंपरा को बेहतर प्रयोग कर सकें। बघेल ने कहा कि राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांव की तस्वीर बदल रही है। शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार भत्ता योजना प्रारंभ किया गया है। लघु वनोपज को बढ़ावा दिया जा रहा है रागी कोदो कुटकी को उचित मूल्य में खरीदी की जा रही है। जशपुर का काजू, चाय और कॉफी देश एवं दुनिया में पहुंच रहा है जशपुर जिले की संस्कृति एवं परंपरा की अपनी पहचान है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने समाज के लोग पुजा-अर्चना कर सकें इसके लिए नये सुन्दर देवगुड़ी चबुतरा की निर्माण की जा रही है साथ ही शहरी क्षेत्र में पर्यावरण बचाने के लिए कृष्ण कुंज निर्माण किया जा रहा और वनों को सुधाने के लिए भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी के तट में वृक्षा रोपण का कार्य भी किया जा रहा है। उसी प्रकार से 21 मार्च को मुख्यमंत्री वृक्षसंपदा योजना प्रारंभ की गई है। जहां निजी क्षेत्र में भी वृक्षारोपण हो और उसकी दोहन की व्यवस्था की गई है। जशपुर विधायक विनय भगत ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्यमंत्री श्री बघेल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां कि आपके नेतृत्व में जिला निरंतर विकास कर रहा है, जिले के दूरस्थ क्षेत्र सन्ना में कॉलेज प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। सड़क, पुल पुलिया निर्माण कार्य हो रहा है। उन्होंने सरहुल पूजा (खद्दी परब) कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री बघेल ने आदिवासी संस्कृतिक भवन के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर जिले के राजी पड़हा मुख्यालय दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल पूजा (खद्दी परब) कार्यक्रम के दौरान आदिवासी संस्कृतिक भवन के लिए 50 लाख, खद्दी परब चौत पूर्णिमा के लिए 5 लाख, महामानव कार्तिक उरांव राजी पढ़हा विद्यालय टिकैतगंज के लिए अनुदान राशि 5 लाख रूपये देने की घोषणा की साथ ही राजी पड़हा के जमीन नामकरण के लिए प्रस्ताव देने प्रशासन को कहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे राजी देवान, राजी पड़हा बसंत कुमार भगत, संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, जशपुर विधायक विजय भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर डॉ रवि. मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग के आला अधिकारी और राजी पड़हा समाज के पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों की कौशल परीक्षा 10 अप्रैल को

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत बस्तर जिले में सेकेट्रियल असिस्टेंट-एनएमएचपी, एनएचएम, एनसीडी, जूनियर सेकेट्रियल असिस्टेंट-पीएडीए, एलडीसी के पदों हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन 10 अप्रैल को 11 बजे शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज जगदलपुर में किया है। कार्यालय, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर वर्ष 2022-23 हेतु अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर सेवाएं ली जाने के लिए 26 मार्च 2023 को दस्तावेज का सत्यापन किया गया था।

# अवसर मिले तो दिव्यांग भी कर सकते हैं बड़ा काम : उज्जवला बघेल



छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल मूक बधिर बच्चों के बीच अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल पहुंची। उन्होंने बच्चों के परीक्षा परिणाम की अंकसूची का वितरण किया और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी विकलांग नहीं होती है। हम सभी के लिए ईश्वर ने यह शरीर प्रदान किया है ताकि हम मानव रूप में मानवीय गुणों का विकास कर सकें। उन्हें बेहतर अवसर मिले तो वे भी बड़े से बड़ा काम कर सकते हैं। श्रीमती बघेल राजेंद्रनगर बजाज कालोनी स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शर्मा इंडस्ट्रीज के संदीप शर्मा उपस्थित थे। श्रीमती बघेल ने स्कूल परिसर का भ्रमण किया और मूक-बधिर छात्रों के लिए मुहैया कराई गई सुविधाओं के लिए अर्पण कल्याण समिति की सराहना की। श्रीमती बघेल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए कोई भी शारीरिक अक्षमता उसके आत्मिक विकास में कभी बाधा नहीं बनती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रख्यात भौतिक विज्ञानी स्टीफन विलियम हॉकिंग थे, जिनका निधन कुछ वर्षों पूर्व 2018 में हुआ। वे न तो बोल सकते थे और न ही लिख सकते थे, इतना ही नहीं वे चल भी नहीं सकते थे। लेकिन उन्होंने इतने बड़े सिद्धांत का प्रतिपादन किया, जिसे सामान्य मनुष्य नहीं कर सके। उन्होंने ब्रम्हांड के रहस्य को लोगों के सामने उजागर किया। स्टीफन हॉकिंग ने ब्लैक होल और बिग बैंग सिद्धांत को समझने में अहम योगदान दिया। उन्होंने 12 से अधिक मानद डिग्रियां और अमेरिका का सबसे उच्च नागरिक सम्मान प्राप्त किया। वे इस जमाने के सबसे बड़े वैज्ञानिक हुए। जबकि देखा जाए तो वे दिव्यांग थे। इसलिए हम कह सकते हैं कि शारीरिक अक्षमता कभी भी मानव के विकास में बाधा नहीं बन सकती है। बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ ही स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान : प्रमोद दुबे रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस स्कूल में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ कौशल उन्नयन पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। दुबे ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही पुरातत्व विभाग के सहयोग से बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के लिए दस दिवसीय मूर्ति कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि आने वाले शिक्षा सत्र में यहां अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के लिए नियमित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शर्मा इंडस्ट्रीज के संदीप शर्मा ने कहा कि इन बच्चों से मिलकर सुकून मिला है। शर्मा ने कहा कि इन बच्चों के शिक्षा के साथ ही कौशल विकास पर ध्यान दिया जा रहा है वह प्रशंसनीय है। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में जिस तरह से मूक-बधिर बच्चों का भविष्य गढ़ा जा रहा है वह बहुत ही सहाहनीय कार्य है। शर्मा इंडस्ट्रीज इस कार्य में सहभागी बनकर गौरवान्वित महसूस करेगा, हम समिति को हर तरह की मदद देने को तैयार है। ज्ञातव्य हो कि शर्मा इंडस्ट्रीज समाजिक सरोकार में अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कई सालों से निभाते आया है। शर्मा इंडस्ट्रीज ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार और समाज को खुले हाथों से मदद की है। शर्मा इंडस्ट्रीज ने मिंटू पब्लिक स्कूल समेत आधा दर्जन से अधिक स्कूल का पूरा स्ट्रक्चर खड़ा करके सरकार को सौंपा है,जहां हजारों बच्चे आज शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शर्मा इंडस्ट्रीज आज पहली बार मूक-बधिर बच्चों के बीच पहुंचा और सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश शर्मा ने दिया। उन्होंने बताया कि समिति जल्द ही दिव्यांग बच्चों के लिए महाविद्यालय प्रारंभ करने जा रही है। मंच संचालन श्रीमती सीमा छाबड़ा ने व आभार प्रदर्शन मोनिका गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश कुमार शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, डॉ. राकेश पांडे, वीरेंद्र शर्मा, दिनेश शुक्ला, रजनीश चौबे, मृत्युंजय शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण अंचल में पड़त भूमि पर सामूहिक खेती की सफल शुरुआत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**सरगुजा।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सामाजिक सहभागिता के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणों के सतत आजीविका विकास के लिए सामूहिक कृषि कार्यक्रम की पहल की गयी है। जिले के उदयपुर विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम परसा में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से ग्रामीणों का समूह बनाकर सामूहिक कृषि द्वारा ग्रामीणों की आय में वृद्धि का कार्य शुरु किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत फाउंडेशन द्वारा पांच किसानों का समूह बनाकर उनके लगभग दो एकड़ अनुपयोगी जमीन पर सामूहिक खेती करने के लिए आवश्यक जरुरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गयी हैं। इस तरह गत जनवरी माह से इन किसानों द्वारा जैविक खेती कर सब्जियों का उत्पादन और फलदार वृक्षों का रोपण किया गया था। अपनी आजीविका में वृद्धि के लिए सामूहिक खेती के इस कार्यक्रम को किसान बड़े उत्साह के साथ कर रहे हैं।

### हरी मिर्च, फूल गोभी, टमाटर इत्यादि की कर रहे खेती

ग्रामीणों व कृषकों के पास पर्याप्त सुविधाओं की कमी से वे एक मौसम में एक फसल की खेती किया करते थे। अदाणी फाउंडेशन द्वारा जमीन समतलीकरण, घेराबंदी तथा सिंचाई जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी तथा उन्हें विभिन्न सब्जियों जैसे हरी मिर्च, लौकी, फूलगोभी, पत्तागोभी, भिंडी और टमाटर के उत्पादन के साथ-साथ मौसम अनुरूप फलदार वृक्षों की खेती हेतु प्रेरित किया गया। इन प्रयासों से उनकी आय में सतत वृद्धि एवं निरंतरता आएगी। वहीं अब अगले महीने के अंत तक सब्जियों की अच्छी पैदावार होने से इस समूह को ढाई से तीन लाख रुपये की आय की संभावना है।

### 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना' का अनुसरण

अदाणी फाउंडेशन द्वारा आरआरवीयूएनएल के विभिन्न सामाजिक सरोकारों में छत्तीसगढ़ सरकार की योजना के अनुसार ही



पड़त भूमि को उपयोगी बनाकर कृषकों की आय वृद्धि के कार्य करवाए जा रहे हैं। जिनमें ग्रामीणों का सशक्तिकरण तथा आजीविका संवर्धन के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे मशरूम, लाख उत्पादन, लघु वनोपज संग्रहण, कौशल विकास तथा सामूहिक खेती इत्यादि शामिल है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण किसान

ग्राम परसा के किसान संदीप कुमार का कहना है कि, मैं सामूहिक जैविक कृषि करने से पहले बेरोजगार था, मेरे पास कार्य करने लिए खेतों में घेराबंदी एवं सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधा नहीं थी, जिसके फलस्वरूप मैं आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। अदाणी फाउंडेशन ने हमें सामूहिक कृषि करने के लिए हमें आवश्यक भूमि समतलीकरण, घेराबंदी एवं सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध करायी है। जिसके फलस्वरूप मुझे और मेरे साथियों को एक निश्चित रोजगार के साथ आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर प्राप्त हुआ। हम सभी अदाणी फाउंडेशन के आभारी हैं। इसी ग्राम के एक और किसान भाई, बनवारी जो सामूहिक खेती समूह के सदस्य भी हैं कहते हैं कि, मैं अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से वर्तमान में अपने जीविकोपार्जन हेतु सामूहिक जैविक खेती का कार्य कर रहा हूँ। इस गतिविधि से मैं और मेरे समूह के किसान साथ मिलकर अब हर मौसम में अलग-अलग फसलों का उत्पादन करेंगे। जिससे हमें अतिरिक्त आय की उम्मीद है। फाउण्डेशन द्वारा हमें जैविक खेती के लाभ एवं उसे करने की प्रक्रिया बताई गयी, जिससे हमारी भूमि की उर्वरता एवं फसल की जैविक गुणवत्ता में सुधार आ रहा है। मैं इस कार्य में सहयोग के लिए अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद देता हूँ।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जशपुर आगमन पर पुलिस ग्राउंड हेलीपैड में किया गया आत्मीय स्वागत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जशपुर आगमन पर पुलिस ग्राउंड हेलीपैड में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।



# करडेगा में 3 करोड़ 22 लाख की लागत से बने विद्युत् सब स्टेशन का संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने किया उद्घाटन

■ जनता की समस्या दूर करना प्राथमिकता, निरंतर विकास कार्यों के लिए समर्पित रहूँगा -यू.डी.मिंज, संसदीय सचिव की सक्रियता से तीन महीने में ही बन कर जनता को समर्पित हुआ करड़ेगा विद्युत वितरण केंद्र






छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** दुलदुला विकासखंड के करडेगा गाँव में तीन महीना पहले विद्युत् सब स्टेशन का संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज ने भूमिपूजन किया और समय सीमा में विद्युत सब स्टेशन का काम पूरा हुआ। आज उन्होंने इस विद्युत सब स्टेशन का उदघाटन कर जनता को सौगात सुपुर्द कर दी। संसदीय सचिव यू. डी. मिंज जनता की हर समस्या का निदान के लिए तत्पर हैँ, वे बहुत सक्रियता से काम करते हुए जनता के विश्वास पर खरे उतर कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या हो, बिजली की समस्या हो या सड़क की समस्या हो, हर क्षेत्र में विधायक लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। विधानसभा के दूरस्थ ग्राम करड़ेगा में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना से क्षेत्रवासियों को अब बिजली समस्या के निदान के लिए दूर जाना नहीँ पड़ेगा, करडेगा में जेई ऑफिस और विद्युत वितरण केन्द्र की स्थापना से उनकी बिजली की समस्या दूर हो गई है। करडेगा विद्युत वितरण केंद्र से लगभग 35 गाँव के लगभग 12 हजार उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। विदित हो कि संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक यू. डी. मिंज की पहल पर मुख्य मंत्री भूपेश बघेल द्वारा क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए जूनियर इंजीनियर कार्यालय एवं विद्युत वितरण केंद्र स्थापित होने से दुलदुला क्षेत्र के लगभग 35 गाँव के 12 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को अब पतराटोली विद्युत केंद्र का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। उन्हें करड़ेगा जेई ऑफिस और नए विद्युत वितरण केन्द्र में अपनी समस्या का समाधान मिल जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने कहा कि मैंने इन ग्रामीणों की समस्या मुख्यमंत्री भूपेश जी के पास रखा था,तत्काल उन्होंने यंहा वितरण केन्द्र खोलने और जेई ऑफिस की स्वीकृति दे दी, इसका शुभारंम 15 दिसम्बर को किया गया और आज इसे जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। यहाँ डिस्ट्रीब्यूसन सेंटर और जेई कार्यालय के खुल जाने से आप सभी ग्रामीण उपभोक्ताओं को समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने 2018 में मुझे चुना और विधायक बनाया, मेरी मंशा है कि क्षेत्र के विकास निरंतर करता रहूँ, उन्होंने कहा कि बिजली बिल की त्रुटि से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी, बिजली रीडिंग नियमित होगी, कोई भी गरीब परिवार सरकार की योजना से वंचित नहीं रहेगा। सरकार की योजना बिजली बिल हाफ जिसका लाभ सबको मिल रहा है, उन्होंने ग्रामीणों से कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसान पुत्र है, उन्होंने किसानों की समस्या से अवगत है, उन्होंने धान का रेट बढ़ाया है, आने वाले समय में आप लोग फिर से हमें मौका देंगे तो 3 हजार रूपये क्विंटल धान खरीदी जायेगी। मुख्यमंत्री जी की एक महत्वपूर्ण योजना है राशन कार्ड के माध्यम से 5 लाख का मुप्त इलाज एवं बड़े बीमारी के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ योजना के तहत 20 लाख तक के इलाज की सुविधा है। उन्होंने बताया कि अब तक हमारे क्षेत्र में 3 हजार से अधिक मरीज इसका लाभ ले चुके है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज सागर ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि वितरण केन्द्र खुल जाने से क्षेत्रवासियों को अतिरिक्त खर्च कर कुनकुरी, दुलदुला, पतराटोली नहीँ जाना नहीं पड़ेगा। बिजली सम्बन्धित सभी समस्या का यंहा से निवारण होगा। पूर्व की सरकार ने क्षेत्र की समस्या को हमेशा से नजर अन्दाज किया है, क्षेत्र की समस्या को कभी समझा नही, आज यंहा विधायक यूडी मिंज की पहल से बिजली वितरण केन्द्र का शुभारम्भ हुआ7 पूर्व विधायक को भीड़ की आवश्यकता होती थी, वर्तमान विधायक को भीड़ की आवश्यकता नहीं, स्वयं गाँव गली मोहल्लों में जाकर जनता की समस्याओं का निदान करते है। 2023 में भी आप अपना ऐसा विधायक चुनेंगे, जो आपके पास जाकर आप की समस्या को सुनेगा7 इस अवसर पर जनपद ब्लाक अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं पंच, कांग्रेस पदाधिकारी एवं बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला—सरगुजा
(छ0ग0)
रा.प्र.क्र.
202303021200052 / अ—20(3) / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला देवी अग्रवाल पत्नी स्व0 सतीश कुमार अग्रवाल उम्र 61 वर्ष जाति अग्रवाल, निवासी— डा0 जाकिर हुसैन वार्ड प्रतापपुर, तहसील प्रताप. पुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व और आधिपत्य की मोहल्ला खरसिया रोड नगर अम्बिकापुर स्थित प्लॉट नम्बर 92822 / 4859 / 10 रकबा 0.10 1/2 एकड़ में से रकबा 0.5 1/2 एकड़ भूमि अनावेदक प्रवीण अग्रवाल आ0 सतीश कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी डा0 जाकिर हुसैन वार्ड प्रतापपुर, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 के पक्ष में दान पत्र निष्पादित करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेन्टेनेंश खसरा की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू—खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21.04.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

आम सूचना

सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनंदनपुर / विश्रामपुर निवासी रूकमणी देवी पत्नी रामप. साद ठाकुर द्वारा ग्राम—जयनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 46 / 2 की दो विक्रय पत्र क्रमशः दिनांक 04.02.2011 एवं दिनांक 19.02.2014 को कराया जाकर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम भी नामांतरित करा लिया गया है, परन्तु सच्चाई यह है, कि रूकमणि देवी पत्नी रामप्रसाद ठाकुर ने ग्राम—जयनगर की जिस भूमि खसरा नंबर 46 / 2 से जिन जमीनों को खरीदने का दावा कर रही है, उस चौहद्दी की भूमि मौके पर है, ही नही इसी बात को लेकर अभिषेक सिंह और उसकी माता गीता सिंह निवासी जयनगर, थाना—जयनगर, तहसील—लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने ''अधिवक्ता'' श्री एस. पी. तिवारी अम्बिकापुर के माध्यम से व्यवहार न्यायाधीश वर्ग—1, सूरजपुर के न्यायालय में व्यवहार वाद क्रमांक 137अ / 2023 संस्थित भी किया गया है, तथा मामला न्यायालय में लंबित होने की दशा में उपर वर्णित भूमि पर किसी बैंक द्वारा कर्ज दिया जाता है, अथवा किसी प्रायवेट व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि के क्रय विक्रय का सौदा किया जाता है, उस दशा में ऐसा करन वाला स्वयं उत्तरदायी होगा।

एस. पी. तिवारी ''अधिवक्ता''
जिला एवं सत्र न्यायालय
अम्बिकापुर
जिला—सरगुजा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—2 / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक असरीता एम. केरकेट्टा पत्नी इलियाकीम केरकेट्टा जाति उरांव, निवासी ग्राम / नगर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित— ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 195 / 8 रकबा 0.056 हे. में से 0.028 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी—1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 11.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू—अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—2 / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवन्ती देवी गुप्ता पत्नी कुन्ज प्रसाद गुप्ता जाति तेली, निवासी ग्राम / नगर मायापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित— ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2206 / 31 रकबा 0.010 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी—1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवे. दन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 11.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू—अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

## बेरोजगारी भत्ता आवेदन ऑनलाइन प्रारंभ




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरूवात के साथ ही बेरोजगारी भत्ता पंजीयन के लिए 1 अप्रैल से पोर्टल प्रारंभ हो गया है। अब बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन भरने के लिए रोजगार कार्यालय के सामने लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। 01 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। पोर्टल के माध्यम से बेरोजगार युवा घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। ऐसे आवेदक जो बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन करने इच्छुक हैं, निर्धारित योग्यता एवं शर्तें पूर्ण करते वे वेबसाईट में बेरोजगार भत्ता हेतु ऑनलाइन आवेदन स्वयं कर सकते है। बेरोजगारी भत्ता के लिये आवेदन करने हेतु कोई समय-सीमा नहीं है। नगरीय निकाय सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रतापपुर, भटगाँव, जरही, प्रेमनगर एवं समस्त जनपद पंचायत सूरजपुर, रामनुजनगर, ओड़गी, भैयाथान, प्रेमनगर प्रतापपुर में आवेदन के बाद प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन भी शुरू हो गया है। भौतिक सत्यापन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्रों 3-4 वार्डों के समूह में कलस्टर बनाए गए है। भौतिक सत्यापन के बाद जल्द ही पात्र हितग्राहियों के बैंक खाते में बेरोजगारी भत्ता का भुगतान प्रतिमाह 2500 रुपए किया जाएगा।

# महिला चिकित्सक के निजी क्लिनीक में हुई जच्चा-बच्चा की मौत

**★ मृतक के परिजनों में भारी रोष ★ सांप निकलने के बाद लकीर पीटने के अंदाज में अस्पताल प्रबंधन कर रहा जांच की बात**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला अस्पताल की भर्राशाही फिर एक बार उस समय सामने आई है जब एक महिला चिकित्सक के निजी किलिनीक में जच्चा बच्चा दोनो की मौत हो गई है।मृतक के परिजनों में भारी रोष है पर अस्पताल प्रबंधन सांप निकलने के बाद लकीर पीटने के अन्दाज में फिर एक बार जांच की बात कर रहा है जबकि इस महिला चिकित्सक के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें रही है जिस पर आज तक कभी मुकम्मल कार्रवाई हुई ही नही है। जिसका परिणाम रहा है कि अस्पताल के डॉक्टर मरीजो को हांक कर अपने निजी क्लीनिक ले जाते है जहाँ सीधे जेब पर डाका डालने के अन्दाज में उपचार करते है। गुरुवार को नगर से लगे तिलसिवां में स्थित रश्मि नर्सिंग होम में ग्राम भुवनेश्वरपुर की रहने वाली पूजा साहू को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था,परिजनों का आरोप है कि वह 3 अप्रैल को पूजा को लेकर प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय आए थे, जहां उसका 4 अप्रैल तक इलाज किया गया,, लेकिन जब वह पूजा की हालत में सुधार नही हुआ तो वह उसे लेकर अंबिकापुर किसी अन्य हॉस्पिटल उपचार के लिए जाने पर विचार कर रहे थे,, इसी दौरान जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर और रश्मि नर्सिंग होम के संचालक डॉ ने उन्हें यह कहते हुए अपने नर्सिंग होम में एडमिट करा लिया कि जो वहां उपचार होगा वह उपचार उनके नर्सिंग होम में हो जाएगा परिजनों ने डॉक्टर रश्मि की बात मानते हुए पूजा को 4 अप्रैल की शाम डॉक्टर रश्मि के नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया जहां 5 अप्रैल को पूजा का बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ और कुछ देर बाद रात में पूजा ने भी दम तोड़ दिया वहीं शिकायत मिलने के बाद पुलिस नर्सिंग होम पहुंचकर जांच में जुट गई है और शव को पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भेजकर कराया गया। इस डॉक्टर की हमेशा शिकायत रही है। पैसा लेन देन की शिकायत कलेक्टर से लेकर सीएमएचओ से भी किया गया है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से मनोबल बढ़ा हुआ है। यही नही यहां जिला अस्पताल के कई नामी डॉक्टर अस्पताल से मरीजो को लगभग हाका मारने के अंदाज में घर मे ले जाकर न केवल मरीजो के जेब मे डाका डाला जा रहा है।बल्कि जान भी ले ले रहे है।








### मृतिका के पिता का आरोप

इस संबंध में मृतिका के पिता महेंद्र कुमार साहू ने कहा कि मैं अपने लड़की को 3 अप्रैल को जिला चिकित्सालय में लाकर भर्ती कराया था फिर 4 अप्रैल को शाम में डॉ रश्मि के द्वारा बोला गया कि यहां नहीं हो पाएगा आप हमारा प्राइवेट नर्सिंग होम में ले लाइए हमारे यहां सारे सुविधाएं उपलब्ध हैं और हम इसके लिए गारंटी के साथ हम नॉर्मल डिलीवरी करवा दूंगी उन्होंने रेट बताया नॉर्मल डिलीवरी का 15 हजार रुपए और ऑपरेशन का 35 हजार से 40 हजार तक है फिर हम लोग उनके नर्सिंग होम में लेकर गए वहां भी हम लोग ने डॉक्टर से पूछा कि अंबिकापुर ले जाए तो उन्होंने कहा की अंबिकापुर ले जाने की जरूरत नहीं है अंबिकापुर से बेहतर इलाज हमारे नर्सिंग होम में हो जाएगा और खर्चा भी कम लगेगा।डॉक्टर को 10 हजार रुपए भी दिए इसके बाद जाकर इलाज चालू की है फिर 5 अप्रैल को सुबह ऑपरेशन थिएटर मैं ले गए फिर 10 बजे जानकारी दिया गया कि बच्चा तो नहीं बचा लेकिन मां स्वस्थ है और बोली कि है आप उसका मां स्वास्थ्य उसको कुछ नहीं होगा फिर हम लोगों को 3:00 बजे दोपहर में मिलने दिया गया और हमारी लड़की स्वास्थ्य थी एकदम ठीक की बात कर रही थी। लेकिन इसी बीच हालत गंभीर हो गई इस स्थिति को देखते हमने एम्बुलेंस भी बुला लिया था पर डॉक्टर ने मना कर दिया परिणामस्वरूप हमने दोनो को खो दिया।

### जांच टीम बना दी गई है-सीएमएचओ

संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस ने कहा कि प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था जहां बच्चे मां दोनों की मौत हो गई है इसमें हम जांच टीम बनाएंगे और जांच के बाद जो भी कमियां मिलेगी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो नर्सिंग होम को भी सील कर दिया जाएगा।

### सवाल पर फोन कट

इस संबंध में जब नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ दीपक जायसवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि टेंपरेरी परमिशन है फिर उनसे पूछा गया कि क्या टेंपरेरी परमिशन में ऑपरेशन करने का अधिकार है तो उन्होंने फोन कट कर दिया फिर कई बार संपर्क किया गया फिर फोन रिसीव नहीं किए।

### नर्सिंग एक्ट का उल्लंघन

इधर जिला मुख्यालय में सरकारी डाक्टर खुले आम नर्सिंग एक्ट का उल्लंघन कर रहे है जिस पर कोई अंकुश नही है।नियमानुसार न तो फीस की रसीद दी जा रही और न यह बताया जाता कि किस बीमारी के उपचार का रेट क्या है।यही नही अस्पताल के टाइम का भी ध्यान नही दिया जा रहा।इसके आलावे अन्य कई नियम है जिसका पालन नही किया जा रहा है।इस पर अधिकारी भी खामोश है।

### नर्सिंग होम सील

जच्चा बच्चा की मौत की जानकारी लगने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मामले में एसडीएम रवि सिंह ने तहसीलदार वर्षा बंसल को मामले की जांच के लिए भेजा। मौके पर अपनी व स्वास्थ्य अमले की टीम के साथ पहुची तहसीलदार ने दस्तावेज जब्त करते हुए नर्सिंग होम की सील कर दिया है।

### जिला अस्पताल से ब्लड पहुँचा नर्सिंग होम

जच्चा बच्चा की मौत होने के मामले में कई तमाम खामियां सामने आई है। बताया गया है कि ऑपरेशन पश्चात जब खून की आवश्यकता पड़ी तो जिला अस्पताल से नर्सिंग होम के लिए ब्लड पहुँचाने की बात भी सामने आ रही है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है जिला अस्पताल और नर्सिंग होम के बीच किस तरह की सांठ गांठ च रही है।

## रोजगार पंजीयन हेतु मार्गदर्शन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** रोजगार पंजीयन के वैधता पंजीयन तिथि से 3 वर्ष के लिए होती है। यह जानकारी आवेदक के पंजीयन पत्रक (X-10) में उल्लेखित रहती है। यदि कोई आवेदक पंजीयन पत्रक में उल्लेखित नवीनीकरण माह में अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं करवाता है, तो उसे नवीनीकरण के लिए निर्धारित माह के अतिरिक्त 2 माह की ग्रेस अवधि, राष्ट्रीय रोजगार सेवा नियम के अनुसार प्राप्त होती है।

जैसे यदि किसी आवेदक का नवीनीकरण माह मार्च 2023 को उल्लेखित है तो ऐसे आवेदक का पंजीयन ग्रेस अवधि मिलाकर 2 अतिरिक्त माह अर्थात मई 2023 तक वैध रहेगा।

# विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ मना संकट मोचन हनुमान प्रभु का जन्मोत्सव

**0 जय श्री राम व हनुमान प्रभु के जयकारे से गुंजायमान रहे मंदिर**
**0 निकली भव्य शोभायात्रा 0 जगह जगह भंडारे का हुआ आयोजन**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** संकट मोचन हनुमान प्रभु के जन्मोत्सव पर गुरुवार को शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही हनुमान प्रभु के जयकारे गूंजने लगे थे। कोई हाथ में बाबा के लिए चोला लेकर आया तो कोई प्रसाद के लिए लड्डू और सुबह से ही लोग कतार में लगकर पूजा अर्चना करते दिखाई दिए। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा गूंजती रही। शहर के मेन रोड, नेहरू पार्क रोड, भैयाथान रोड, बाजार गली, जेल पारा, पंच मुखी हनुमान मंदिर, वीर बजरंग मंदिर सहित शहर के सभी हनुमान मंदिर और श्रीराम मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर एवं जिलेभर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। हनुमान प्रभु के जन्मोत्सव पर सभी मंदिरों में विशेष साज सजावट की गई थी। जहां पवन पुत्र की विशेष पूजा अर्चना की गई।वहीं मंदिरों में रामायण पाठ एवं सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठों का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या



में हनुमान भक्त शामिल हुए। मंदिरों में हनुमानजी का विशेष श्रंगार भक्तों द्वारा किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर अनेक स्थानों पर भंडारें का आयोजन भी रखा गया था। इधर दोपहर में ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ केतका रोड स्थित हनुमान मंदिर से हनुमान प्रभु की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के सभी मुख्य मार्गो से होते हुए शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंची। जहां भव्य आरती का आयोजन हुआ। यहां राहुल ट्रेडर्स के संचालक राजेश अग्रवाल के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से मंदिरों में प्रारम्भ धार्मिक आयोजनों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। शाम को कई मंदिरों में भजन संकीर्तन का आयोजन हुआ जहां आकर्षक झांकियों के बीच हनुमान प्रभु के भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें श्रद्धालु झूमते रहे।

## हनुमान जयंती के मौके पर भव्य शोभायात्रा सहित विविध आयोजन

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

**भैयाथान।** विकासखंड में हनुमान जयंती उत्साह के साथ मनाया गया। सुनील साहू के नेतृत्व में करौंदामुड़ा से टेंगनी, बड़सरा होते हुए शोभायात्रा हनुमान मंदिर भैयाथान पहुंची, जो पूजा-आरती व भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के बाद पुनः दुर्गा मंदिर जमड़ी में पूजार्चना के बाद वापस बड़सरा राम मंदिर में पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। जगह-जगह हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

गुरुवार को श्री हनुमान जयंती के मौके पर नगर में उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। भैयाथान में स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजार्चना आरंभ हो गई थी। भंडारे का आयोजन भी किया गया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामायण पाठ तथा भजन-कीर्तन का आयोजन दिन भर चला। शोभायात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# जिले के विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्र के ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की पुलिस ने ली बैठक

**जागरुक रहकर अपराध रोकने पुलिस का सहयोग करने की गई अपील**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों, अवैध कार्यों में लिप्त लोगों की जानकारी, शहर, गांव कस्बे में होने वाली छोटी बड़ी घटना-दुर्घटना की त्वरित सूचना देने एवं पुलिस के कार्यो में सहयोग करने के लिए ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों का कार्य काफी महत्वपूर्ण होता है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक लेने एवं नये सदस्यों को समिति से जोड़ने के निर्देश दिए थे।

बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जिले के थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा अभियान के तहत अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में गठित ग्राम रक्षा समितियों की बैठक ली गई और नए सदस्यों को इस समिति से जोड़ा गया। जिले की पुलिस के द्वारा लिए गए इस



बैठक में विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की मौजूदगी रही। इस दौरान उन्हें ग्राम रक्षा समिति के गठन का औचित्य, पुलिस कार्यवाहियों में इनके सहयोग एवं कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने ग्राम रक्षा समिति सदस्यों को कहा कि पुलिस के कार्यो में आपका सहयोग व सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। अपने अपने क्षेत्र में जागरूक रहकर अपराध एवं अपराधियों की जानकारी प्राथमिकता के आधार पर पुलिस को दें ताकि ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके। है। गांव में शराब एवं जुआ जैसे कुरीतियों पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी दें। वर्तमान परिदृश्य में हो रहे धोखाधड़ी, सायबर क्राईम, चिटफण्ड, एटीएम फ्राड, फर्जी बैंक काल के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आपके पुलिस के कार्यो में सहयोग करने से अपराध घटित होने से रोका जा सकेगा। बैठक में सदस्यों को यातायात नियमों का पालन किए जाने एवं हेलमेट लगाकर मोटर सायकल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा अपना एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम का मोबाईल नंबर की जानकारी ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को नोट कराया ताकि किसी प्रकार की सूचना त्वरित पुलिस को दी जा सके।बैठक में रक्षा समिति के सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों को यह विश्वास दिलाया कि समिति का हर सदस्य पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में पूजार्चना, सुंदरकांड का पाठ

**रामानुजगंज। छ.ग. फ्रंटलाइन।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही हनुमान भक्तों की लंबी लाइन पूजा-अर्चना के लिए लग गई। सुबह सुंदरकांड का पाठ करके हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।


नगर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमान भक्त विगत कई दिन पूर्व से व्यापक तैयारियां कर रहे थे, इसके लिए कई बार बैठक भी आयोजित की गई। नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर की विशेष सजावट कराई गई थी। सुबह से ही हनुमान मंदिर में पूजार्चना के लिए हनुमान भक्तों की लंबी लाइन लगी थी। सुबह सुंदरकांड का पाठ हुआ, हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम को भव्य शोभायात्रा बाजे-गाजे एवं झांकी के साथ हनुमान मंदिर से निकाली गई। हनुमान मंदिर में देर शाम दीपोत्सव का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, अजय गुप्ता, अजय सोनी, अरुण केसरी, अरविंद दुबे, राजू गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी, अंकित कलवार, वासु केसरी, संजय केसरी, जस्सू केसरी, सुनील गुप्ता, विकास दुबे, आशीष गुप्ता, अजय गुप्ता, अशोक केसरी, अजय केसरी, प्रमोद मिश्रा, प्रताप राम, महेश अग्रवाल, निशांत गुप्ता, अमन गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित थे।

### इलाहाबाद व बनारस के कलाकारों ने किया प्रदर्शन

हनुमान जन्मोत्सव पर गाजे-बजे के साथ निकली शोभायात्रा के दौरान लंका दहन, महिषासुर मर्दिनी, काली माता, शिव तांडव, राधा कृष्ण, सुदामा मिलन सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। नगर में पहली बार हनुमान जन्मोत्सव पर इतना भव्य कार्यक्रम आयोजित कराया गया, जिसमें इलाहाबाद एवं बनारस के कलाकारों ने प्रस्तुती दी।

# राहुल गांधी सहित विपक्ष के नेताओं को परेशान करना लोकतंत्र का अपमान : यादव

**भटगांव। छ.ग. फ्रंटलाइन।** केंद्र सरकार राहुल गांधी सहित विपक्ष के नेताओं को परेशान करके लोकतंत्र का अपमान कर रही हैं। मोदी सरकार देश में विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करना चाहती है, जो देश की जनता के लिए घातक है। राहुल गांधी के विरुद्ध केंद्र सरकार जो षड्यंत्र कर रही है, उसके विरोध में कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रदेश भर में मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के बारे में आम जन को बताने का कार्य प्रेस वार्ता के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में सलका में नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष व सलका ब्लॉक प्रभारी आशीष यादव ने उक्त बातें कही। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा रंजिशवश षड्यंत्र के तहत लोकसभा की सदस्यता से पृथक करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर किया जाना दुभाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र की आत्मा विपक्ष को माना जाता है, वहीं केंद्र की भाजपा सरकार विपक्ष को झूठे प्रकरणों में फंसाने की दमन नीति चला रही है, जिससे देश ही नहीं विदेशों में भी



**पत्रकारों से चर्चा दौरान केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम की निंदा**

मोदी सरकार का घिनौना चेहरा उजागर हुआ, देश की छवि खराब हुई है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से घबराई मोदी सरकार के द्वारा, बौखलाहट में राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस भेजना निंदनीय है। केंद्र में बगैर किसी पद के भाजपा नेता व पूर्व सांसद लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, गुलाम नबी आजाद एवं अन्य के बंगले नहीं खाली कराए गए, जो इनके पक्षपात पूर्ण कार्रवाई को दर्शाता है। भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली पार्टी कांग्रेस शासित राज्यों में ईडी, सीबीआई भेजकर जबरदस्ती लोगों को परेशान कर रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के जिला महामंत्री प्रदीप राजवाड़े, सलका ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष सूरज गुप्ता, एल्डरमैन अफरोज खान, युवा कांग्रेस नेता अख्तर खान, विक्की तिवारी, मनोज साहू मौजूद थे। सभी ने राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का विरोध किया और केंद्र सरकार की निंदा की।

